# कोल कंपनियां उत्पादन बढ़ाने के लिए खनन पर दे रहीं विशेष ध्यान

**कोयला मंत्रालय ने कोल कंपनियों को उत्पादन बढ़ाने का दिया है लक्ष्य**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में कार्यरत कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी सीसीएल, बीसीसीएल और ईसीएल उत्पादन बढ़ाने के लिए खनन पर विशेष ध्यान दे रही है। कोयला मंत्रालय के निर्देश पर कोल कंपनियां खनन क्षमता बढ़ाने और लक्ष्य की प्राप्ति पर विशेष ध्यान दे रही है। राज्य में स्थित बीसीसीएल, सीसीएल और ईसीएल अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए खदानों का विस्तार करने से परहेज नहीं कर रही है।

बीसीसीएल की मानें तो कोयला मंत्रालय के निर्देश पर नये प्रोजेक्ट्स पर काम करना है। योजनाओं पर ग्रीन फील्ड प्रोजेक्ट के तहत काम किया जायेगा। जरूरी है कि इसके लिए खदानों का विस्तार किया जाये। जिसके लिए प्रयास किया जा रहा है।

ज्ञात हो कि कोयला मंत्रालय ने कोल कंपनियों को नई परियोजनाएं शुरू कर क्षमता बढ़ाने का आदेश दिया है। जिसके लिये कुल 52 खनन परियोजनाओं को मंजूरी दी गयी है। जिससे उत्पादन में हर साल 37.8 करोड़ टन का इजाफा किया जा सकें। इस योजना पर बीसीसीएल, सीसीएल, ईसीएल सहित अन्य कोयला उत्पादन करने वाली कंपनी विचार कर रही है। कोल इंडिया भी इस पर कार्यरत है। जिससे समय पर खनन कार्य हो सके और लक्ष्य प्राप्त किया जा सके।

## 2025 तक एक अरब टन उत्पादन का लक्ष्य : कोयला मंत्रालय

कोयला मंत्रालय की मानें तो 2025 तक एक अरब टन उत्पादन का लक्ष्य हासिल करने की योजना बनायी गयी है। मंत्रालय की मानें तो खनन के प्रयोग आने वाले विस्फोटकों समेत अन्य वस्तुओं की लागत में वृद्धि हुई है। जिससे कोल इंडिया का मुनाफा कम हुआ है। ऐसे में कंपनियों को विशेष लक्ष्य दिया गया है। नुकसान में रहने वाली अधिकांश कंपनियां इर्स्टन और वेस्टर्न कोलफील्ड की है। बता दें 52 प्रोजेक्ट्स में से 13 नये प्रोजेक्ट्स है। जिस पर कंपनियां काम करेगी। वहीं, 39 प्रोजेक्ट्स ऐसे है जिनका विस्तार किया गया है। इन प्रोजेक्ट्स से वित्त वर्ष 2025 तक 102 करोड़ टन उत्पादन करने में मदद मिलने का अनुमान है। वहीं बीसीसीएल के कोयला उत्पादन बढ़ाने के लिए कोयला मंत्रालय का विशेष जोर है। इसका एकमात्र कारण है कि बीसीसीएल एक ऐसी कंपनी है जो कोकिंग कोल का उत्पादन करती है। जिसकी मांग स्टील और आयरन ओर कंपनियों में अधिक है। ऐसे में यहां से कोयला उत्पादन पर अधिक बल दिया जा रहा है।

# मोरहाबादी में आज से लगेगा तीन दिवसीय बांग्ला सांस्कृतिक मेला

**स्टेडियम में रंगारंग कार्यक्रम के साथ ले सकेंगे बंगाली डिश का भी स्वाद**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बंगाली युवा मंच चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से आज से मोरहाबादी के फुटबॉल मैदान में आज से तीन दिवसीय बांग्ला सांस्कृतिक मेले का आगाज होने जा रहा है। मेले का उद्घाटन झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और जेएमएम सुप्रीमो शिबू सोरेन करेंगे। वहीं, समापन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम मौजूद रहेंगे। इस दिन कोलकाता के पंकज नाटा के द्वारा कीर्तन, कार्तिक दास बाउल के द्वारा बाउल संगीत, नूर आलम के द्वारा बांग्ला सूफी और कोलकाता के डोहार बैंड की प्रस्तुति से मेले का समापन किया जाएगा। इससे पूर्व 6 मई को विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो का आगमन बांग्ला सांस्कृतिक मेले में होगा। इस दिन राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश भी मौजूद रहेंगे। मेले के दूसरे दिन कोलकाता के पंचम म्यूजिकल ग्रुप के द्वारा बांग्ला आर्केस्ट्रा की प्रस्तुति होगी।

मेला आयोजन समिति के सदस्य सुप्रियो भट्टाचार्य और डॉ पंपा सेन विश्वास ने बताया कि मेले के मुख्य मंच का नामकरण बांग्ला कविता और नाटक के प्रथम रचयिता माइकल मधुसूदन दत्त के नाम पर किया गया है। उनके 200वें साल के जश्न का साक्षी रामदयाल मुंडा फुटबॉल स्टेडियम बनेगा। उन्होंने कहा कि माइकल को पायोनियर ऑफ बंगाल लिटरेचर के नाम से जाना जाता है। संध्या 7 बजे आयोजन स्थल पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। मेले के पहले दिन कोलकाता के डांस बाय डांसर गिल्ड के द्वारा नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। वहीं कोलकाता की मौलाली रंगशिल्पी के द्वारा ड्रामा की प्रस्तुति होगी और संत कबीर का गान श्रोता सुन सकेंगे।

## कचहरी चौक से कांटाटोली चौक तक बनना है फोरलेन

# सर्कुलर रोड के चौड़ीकरण में बिजली विभाग की सुस्ती बन रहा बड़ा बाधक

100 बिजली के खंभों को किनारे करना है शिफ्ट

33 केवीए और 11 केवीए के बिजली के तारों के साथ अन्य केबल होंगे अंडरग्राउंड

सड़क को वर्तमान चौड़ाई से अतिरिक्त 15 से 17 मीटर करना है चौड़ा



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राजधानी के प्रमुख सर्कुलर रोड की फोरलेनिंग एवं चौड़ीकरण करने का काम बिजली विभाग के सुस्त रवैये के कारण नहीं हो पा रहा है। नगर विकास विभाग ने कचहरी चौक से कांटाटोली चौक तक 2.772 किलोमीटर सड़क को फोरलेन करने की सभी जरूरतें पूरी कर ली हैं। इस कार्य के लिए एजेंसी को कार्यादेश भी दिया जा चुका है।

पिछले अगस्त 2022 से ही बिजली बोर्ड को लगभग एक सौ खंभों एवं 30 ट्रांसफार्मर को किनारे करने के लिए प्राक्कलन उपलब्ध कराने के संबंध में पत्राचार किया जा चुका है। साथ ही 11 केवीए, 33 केवीए, 440 वोल्ट और 220 वोल्ट के तारो को भी भूमिगत करने के लिए प्राक्कलन को नई दर से तैयार करने का अनुरोध पत्रों के माध्यम से किया जा चुका है। लेकिन बिजली विभाग द्वारा आठ माह बाद भी प्राक्कलन उपलब्ध नहीं कराया है। यही कारण है कि फोरलेनिंग का कम बाधित हो रहा है। सर्कुलर रोड के दोनों किनारों पर महत्वपूर्ण शिक्षण एवं कोचिंग संस्थान है। इससे भी सर्कुलर रोड हमेशा जाम की समस्या से त्रस्त रहता है। इसको दूर करने के लिए सड़क को 15 से 17 मीटर चौड़ा कर फोरलेनिंग किया जा रहा है। वर्तमान में इसकी चौड़ाई 9 से 10 मीटर है।

बता दें कि जुडको द्वारा सर्कुलर रोड के दोनो किनारों पर यूटिलिटी डक्ट एवं ड्रेनेज बनाया जायेगा। इसके अलावा वाटर एटीएम, शौचालय, पार्किंग जोन, बस स्टाप और वेंडिंग जोन का भी निर्माण किया जायेगा। बिजली के तार ले जाये जाने रखरखाव और प्रबंधन की लागत बहुत कम हो जाएगी। सीसीटीवी कैमरा भी लगेगा। डक्ट में सभी प्रकार के केबल भूमिगत कर दिये जायेंगे। यह योजना लगभग 51 करोड़ की है।

## खबर एक नजर में

### राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन पहुंचे गिरिडीह



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृषणन आज गिरिडीह के मधुबन के चन्द्रप्रभा मंदिर में आयोजित होने वाले विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान में शामिल होंगे। वे गुरुवार की देर शाम में ही गिरिडीह पहुंचे। रांची से सड़क मार्ग से गिरिडीह के परिसदन भवन पहुंचने के बाद राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन का डीसी नमन प्रियेश लकड़ा, एसपी अमित रेणु, प्रशिक्षु आईएएस उत्कृष कुमार, डीआरडीए निदेशक आलोक कुमार और जन संपर्क पदाधिकारी रश्मि सिन्हा ने बुके देकर स्वागत किया। परिसदन भवन में रात्रि विश्राम के बाद राज्यपाल मधुबन के लिए रवाना होंगे।

### पोक्सो मामले में अनिल भेंगरा दोषी करार

**रांची।** पोक्सो मामले की विशेष अदालत ने बच्ची के साथ अश्लील हरकत करने के मामले के अभियुक्त शांतिनगर डोरंडा निवासी अनिल भेंगरा को दोषी करार दिया है। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए छह मई की तारीख निर्धारित की है। घटना को लेकर पीड़िता की मां ने 14 नवंबर 2021 को डोरंडा थाना में अभियुक्त के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसमें कहा गया है कि उसी मकान में रहनेवाला अभियुक्त ने घर में बच्ची को अकेली पाकर उसके साथ गलत हरकत की।

### दोहरा हत्याकांड : सुमित मुंडा को उम्र कैद की सजा


**रांची।** अपर न्यायायुक्त एसएम शाहजाद की अदालत ने दोहरे हत्याकांड के अभियुक्त कांके निवासी सुमित मुंडा (23) को दोषी करार कर उम्र कैद की सजा सुनाई है। अभियुक्त पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। अभियुक्त पर घर में सो रहे तेतरू पाहन एवं लखिया देवी की धारदार हथियार से हमला कर हत्या करने का आरोप था। घटना को लेकर मृतक के रिश्तेदार ने 26 फरवरी 2021 को गोंडा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

### अफसरों ने रद्द कर दी 70 साल से चल रही जमाबंदी

**हाईकोर्ट ने एलआरडीसी और सीओ के आदेश की कॉपी मांगी**

**रांची।** अनगड़ा के रहने वाले प्रेम नाथ महतो, बिनोद महतो एवं अन्य द्वारा दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने 70 साल से चली आ रही जमाबंदी को रद्द करने के मामले में उप समाहर्ता और अनगड़ा सीओ के आदेश की कॉपी मांगी है। याचिका में कहा गया है कि अनगड़ा के अंचल अधिकारी और उपसमाहर्ता ने प्रेम नाथ महतो की रैयती भूमि की जमाबंदी रद्द कर दी। भूमि का कुल रकबा 2 एकड़ है और इस पर प्रार्थी का दखल कब्जा भी है। फिर भी उनकी जमाबंदी रद्द कर दूसरे व्यक्ति के नाम पर जमाबंदी शुरू करने का आदेश पारित कर दिया गया। अदालत अब इस मामले की सुनवाई 14 जून को करेगी। भूमि अनगड़ा अंचल के चतरा मौजा में स्थित है।

### डाका डालने वाले फरार दो आरोपी दबोचे गए



रांची। टाटीसिलवे में रह रहे रिटायर्ड रेंजर के घर में 5 अप्रैल 2023 को डाका डालने वाले दो अन्य फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में लोअर बाजार थाना क्षेत्र के कर्बला चौक निवासी राजा कुरैशी उर्फ सरफराज कुरैशी उर्फ पंकज तथा बिहार के गया जिले का रहनेवाला सोनू कुमार उर्फ विकास शामिल है। पुलिस ने इनलोगों के पास से लूट की राशि 25 हजार, दो मोबाइल, एक ऑटो और एक सोने की चेन बरामद की है। डकैती कांड के अन्य आरोपी पूर्व में ही जेल भेजे गये हैं।

### वामदलों का संयुक्त कंन्वेंशन 19 मई को

**रांची।** वामदलों का 19 मई को होनेवाले संयुक्त कन्वेंशन की तैयारी जोरों पर है। इस कन्वेंशन में भाकपा, माकपा, भाकपा माले, मासस, आरएसपी, फारवर्ड ब्लॉक समेत विभिन्न जन संगठन शामिल होंगे। वाम नेताओं की ओर से बताया गया कि 19 मई को पुराने विधानसभा सभागार में राज्य स्तरीय कन्वेंशन का आयोजन किया जायेगा। इस कन्वेंशन में झारखंड के दस प्रमुख जन मुद्दों पर लगातार संघर्ष की कार्य योजना तय की जायेगी। कन्वेंशन में वामदलों के अलावा ट्रेड यूनियनों, किसान सभाओं, युवा, छात्र और महिलाओं के जनसंगठन, सामाजिक संगठन और संस्कृति कर्मियों के संगठन भी शामिल होंगे। जिसकी तैयारी कर ली गयी है। सीपीआइएम के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा कि खाद्य सुरक्षा मुद्दा देश के लिए अहम मुद्दा है। जिसे कन्वेंशन में भी उठाया जायेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम को विलय कर 81.35 करोड़ लोगों को 5 किलो मुफ्त अनाज दिए जाने का ढीढोंरा पीटा जा रहा है जबकि उन्हें अनुदानित दर पर मिलने वाले 3 रुपये किलो चावल, 2 रुपये किलो गेहूं और 1 रुपए किलो मोटा अनाज से वंचित कर दिया जायेगा।

### रांची से गो-फर्स्ट की चार फ्लाइट रद्द, यात्री परेशान



**रांची।** दिवालिया होने के कगार पर पहुंची गो-फर्स्ट एयरलाइंस कंपनी ने अपनी सारी सेवाएं रद्द कर दी है। इसका असर कंपनी की रांची से संचालित होने वाली फ्लाइट्स पर भी पड़ा है। कंपनी ने मंगलवार को ही तीन दिनों के लिए सेवाएं निलंबित करने की घोषणा कर दी थी। इसके चलते रांची से कंपनी की चार फ्लाइट्स बुधवार एवं गुरुवार को उड़ान नहीं भर सकीं। इनमें बेंगलुरु से रांची की एक, रांची से दिल्ली की दो और मुंबई से रांची की एक फ्लाइट शामिल है। जिस भी ग्राहक ने इन रूटों पर टिकट बुक किया था उन्हें कंपनी की ओर से रिफंड करने की बात कही गयी है। खेद वक्त करते हुए गो- फर्स्ट ने अपनी वेबसाइट पर लिखा कि परिचालन संबंधी कारणों से 3,4 और 5 मई के लिए सभी निर्धारित उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। ग्राहकों ने जिस माध्यम से टिकट के पैसों का भुगतान किया है, उन्हें उसी माध्यम से पैसे वापस किए जाएंगे। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के निदेशक केएल अग्रवाल ने कहा कि गो फर्स्ट की उड़ानें रद्द होने के कारण सभी एयरलाइंस कंपनियों पर काफी दबाव बढ़ा है। रांची से बेंगलुरु का टिकट 7500 से 10 हजार तक और रांची से दिल्ली के टिकट 9000 से 25000 हजार में मिल रहे हैं। इससे यात्रियों को आर्थिक हो रही है।

सिटी की अन्य खबरों के लिए पेज 8 भी देखें

# रांची में 10 महीने में 147 वाहनों से उतारा गया अनाधिकृत नेम प्लेट

**73500 रुपये वसूला गया जुर्माना**



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची में अवैध रूप से नेम प्लेट लगानेवालों पर लगातार कार्रवाई हो रही है। जून 2022 से लेकर मार्च 2023 के बीच 10 महीने में 147 वाहनों से नेम प्लेट उतारे गये हैं। ये सभी नेम प्लेट प्राइवेट गाड़ी के थे। इनसे 73,500 रुपये जुर्माना भी वसूला गया है।

जिला परिवहन पदाधिकारी प्रवीण कुमार प्रकाश ने बातचीत में कहा कि वाहनों में अवैध रूप से लगनेवाले नेम प्लेट के खिलाफ अनवरत कार्रवाई जारी है। आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि अवैध रूप से नेम प्लेट लगाने वालों पर कार्रवाई जारी रखने का आदेश माननीय हाईकोर्ट द्वारा दिया गया है। ताकि भविष्य में लोग नेम प्लेट को लेकर जागरूक रहें।

**पांच सरकारी वाहन से भी उतारे गये नेम प्लेट :** सरकार की ओर से पिछली सुनवाई में शपथ पत्र दाखिल कर कोर्ट को बताया गया था कि वर्ष 2021 में नोटिफिकेशन जारी करने के बाद पूरे राज्य में 2398 वाहनों से नेम प्लेट हटाया गया और उनसे जुर्माना वसूला गया। इनमें से 5 गाड़ियां सरकारी भी हैं। बताया गया कि जुर्माना के रूप में पूरे राज्य से अबतक 11 लाख 99 हजार रूपए जुर्माना वसूली किया गया है।

**सभी नहीं कर सकते इस्तेमाल :** सरकार के रेगुलेशन में बताया गया है कि प्राइवेट या सरकारी वाहनों पर बोर्ड लगाने के लिए कौन लोग अधिकृत है, इनके अलावा अन्य के वाहनों पर नेम प्लेट या पदनाम का बोर्ड लगाना प्रतिबंधित है। पूर्व में मामले में सरकार ने शपथ पत्र दाखिल कर कोर्ट को बताया था कि वाहनों में नेम प्लेट लगाने को लेकर पहले कोई नियम नहीं बना हुआ था, लेकिन वर्ष 2021 में सरकार ने एक नोटिफिकेशन जारी किया है जिसमें यह निर्धारित किया गया है कि कौन-कौन अधिकृत लोग सरकारी वाहनों पर अपना पदनाम का बोर्ड लगा सकते हैं।

## रांची में 15 दिनों में 2586 लोगों ने किया ट्रैफिक नियम का उल्लंघन

**रांची।** सड़क सुरक्षा को लेकर पूरे झारखंड में बड़े पैमाने पर अभियान चलाया जा रहा है। आम लोगों को ट्रैफिक नियमों से संबंधित जानकारी भी दी जा रही है। पिछले 15 दिनों में रांची के 47 थाना क्षेत्रों में 97 स्थानों पर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान 17935 लोगों को ट्रैफिक नियम को लेकर जागरूक किया गया। जबकि 2586 लोगों ने ट्रैफिक नियम का उल्लंघन किया। इसके अलावा 170 वाहन चालक तेज गति से वाहन चलाते पकड़े गये। 70 वाहन चालक बिना सीट बेल्ट और 163 बाइक के पीछे बैठे व्यक्ति बिना हेलमेट के पकड़े गये। 42 व्यक्ति बिना हेलमेट का बाइक चलाते पकड़े गये।

**पुलिसकर्मियों को फर्स्ट एड किट की दी गई जानकारी :** रांची जिले के 46 थाना के 92 पुलिसकर्मियों को फर्स्ट एड किट की जानकारी दी गयी। वहीं 277 पुलिसकर्मियों के मोबाइल फोन में जीपीएस मैप कैमरा लाइट ऐप इंस्टॉल किया गया।

# ...देखो आरडी पंडित का बेटा कितना बड़ा अफसर बन गया

## 2011 बैच का आइएएस अफसर है छवि रंजन

**प्रवर्तन निदेशालय ने गलत तरीके से सेना की जमीन बेचने के मामले में छविरंजन को किया गिरफ्तार**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रांची के पूर्व डीसी सह मौजूदा समाज कल्याण विभाग के निदेशक छवि रंजन ने जमशेदपुर से अपनी बुनियादी शिक्षा पूरी की है। कहा जा सकता है कि झारखंड उनकी जन्मभूमि और कर्मभूमि दोनों है। छवि ने 1999 में सेंट मैरी स्कूल बिष्टुपुर से मैट्रिक की पढ़ाई पूरी की। फिर उन्होंने चिन्मय स्कूल टेल्को से इंटरमीडिएट किया। इसके बाद वे अपनी उच्च शिक्षा के लिए दिल्ली गए। वहां उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के सेंट स्टीफंस से बीएससी और एमएससी की डिग्री हासिल की।

वहीं रांची के मेन रोड स्थित हनुमान मंदिर में तोड़ फोड़ और पत्थरबाजी के कारण हुई हिंसा के बाद रांची के सीनियर एसपी सुरेन्द्र कुमार झा और डीसी छवि रंजन को पद से हटा दिया गया था। जिसके बाद वे समाज कल्याण विभाग के निदेशक बनाये गये।

**लोगों को हुआ गुमान, उनके शहर का लड़का बड़ा अधिकारी बन गया :** छवि रंजन दिल्ली विश्वविद्यालय के सेंट स्टीफंस कॉलेज से बीएससी और एमएससी की डिग्री हासिल की। फिर 2011 में यूपीएससी की परीक्षा पास कर आइएएस बन गए। घर-परिवार और स्कूल-कॉलेज के साथ जमशेदपुर के लोगों को इस बात का बड़ा गुमान हुआ कि उनके शहर का लड़का बड़ा अधिकारी बन गया। ...और तो और उनकी नौकरी भी अपने ही राज्य में हुई। लाल बत्ती लगी गाड़ी से जब छवि रंजन अपने मुहल्ले में आते थे तो आस-पड़ोस के लोग अपने बेटों को ताने मारते थे कि देखो आरडी पंडित जी का बेटा कितना बड़ा अफसर बन गया। राजधानी रांची का उपायुक्त है। तुम भी कुछ ऐसा ही करो।

### 12 साल के कॅरियर में लगा धब्बा...

जन्मभूमि के साथ कर्मभूमि। बहुत कम आइएएस ऑफिसर को ये खुशनसीबी मिलती है। छवि रंजन इस मामले में लकी रहे। जिस शहर और प्रदेश में पले-बढ़े उसी राज्य में आइएएस की नौकरी मिली। महज 12 साल के कॅरियर में बड़ा धब्बा लग गया। छवि पर जमीन घोटाले का आरोप है। आरोप है कि रांची के उपायुक्त रहते हुए इन्होंने आर्मी के लिए एलॉट करोड़ों की साढ़े चार एकड़ जमीन गलत तरीके से दूसरे के नाम पर ट्रांसफर कराकर बेचवा दी। राज्य में ये दूसरे आइएएस हैं, जिन्हें इडी ने गिरफ्तार किया है। इसके पूर्व पूजा सिंघल को इडी ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## झारखंड में वांटेड इनामी नक्सलियों के खिलाफ बुलडोजर अभियान की हुई शुरूआत

# 'ऑपरेशन बुलडोजर' ने इंदल गंझू को सरेंडर करने पर किया विवश!

**14 वांटेड नक्सलियों की घर कुर्क की सूची में था इंदल गंझू का नाम, मुठभेड़ से पूर्व सैक सदस्य गौतम पासवान का घर भी हुआ था कुर्क**

कुबेर सिंह

**रांची।** ₹15 लाख का इनामी नक्सली इंदल गंझू पुनर्वास आत्मसमपर्ण नीति से प्रभावित होकर नहीं बल्कि, घर कुर्क न हो जाए और पुलिस उसके दरवाजे की चौखट न उखाड़ कर ले जाए, इस भय से सरेंडर कर दिया।

जी हां, झारखंड पुलिस ने राज्य के वांटेड और इनामी नक्सलियों की संपत्ति कुर्क करने के लिए बुलडोजर अभियान शुरू किया है। यह अभियान यूपी में फरार वारंटियों की अवैध संपत्ति को नष्ट करने के लिए योगी सरकार के एक्शन मॉडल की तर्ज पर चलाया गया है। पुलिस ने पहले चरण में ऐसे 14 नक्सली कमांडरों की सूची तैयार कर कार्रवाई शुरू की थी। पुलिस ने इश्तेहार चिपकाकर सरेंडर करने की चेतावनी दी थी। अब पुलिस उनकी संपत्ति जब्त कर रही है और घरों पर बुलडोजर चलाया जा रहा है।

### घर कुर्की की सूची में इंदल गंझू का भी नाम

ऑपरेशन बुलडोजर के तहत जिन अन्य इनामी नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई होनी है। सूची के मुताबिक, उनमें टीएसपीसी (तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी) के प्रमुख 30 लाख के इनामी ब्रजेश गंझू और 15 लाख के इनामी रीजनल कमांडर आक्रमण गंझू, नवीन यादव, रमेश गंझू, इंदल गंझू(सरेंडर), दुर्योधन महतो(सरेंडर), दीपक यादव, भीखन गंझू, नीरू यादव, अमरजीत यादव सहित कई अन्य शामिल हैं। पुलिस ने इन सभी के घरों पर पहले ही इश्तेहार चिपका कर उन्हें सरेंडर करने को कहा था।

### कुर्क हो चुकी है गौतम पासवान की संपत्ति

चतरा के राजपुर थाना क्षेत्र के सोनवर्षा गांव में 25 लाख के इनामी नक्सली गौतम पासवान के मुठभेड़ में मारे जाने से पूर्व पलामू पुलिस ने 17 नवम्बर 2022 को घर की कुर्की जब्ती किया था। एसडीपीओ अविनाश कुमार के नेतृत्व में घर पहुंची। पुलिस ने घर का सारा सामान बटोर लिया था। इसके बाद बुलडोजर से घर के दरवाजे, चौखट और खिड़कियां उखाड़ ली गईं थी। गौतम पासवान भाकपा माओवादी संगठन की शीर्ष कमेटी का सदस्य था। उसके खिलाफ यह कार्रवाई राजपुर थाना कांड संख्या 84/15 मामले में अदालत के आदेश से की गई थी।

### नए सिरे से इनाम की राशि में इंदल गंझू का भी था नाम

राज्य में एक्टिव 76 उग्रवादियों पर नये सिरे से पुरस्कार की घोषणा की गयी थी। पुलिस मुख्यालय ने गृह मंत्रालय को उग्रवादियों पर नये सिरे से पुरस्कार घोषित करने का प्रस्ताव भेजा था। जिसे गृह मंत्रालय ने स्वीकृति दी थी। 76 उग्रवादियों में पुरस्कार की राशि एक करोड़ से लेकर एक लाख तक रखी गयी है। अब झारखंड में इनामी उग्रवादियों की संख्या कुल 114 हो गयी है। इससे पहले इनामी उग्रवादियों की लिस्ट में सिर्फ 38 उग्रवादी थे। जिनमें एक करोड़ की श्रेणी में प्रयाग मांझी उर्फ विवेक, 25 लाख की श्रेणी में नक्सली सैक कमांडर अनुज उर्फ सहदेव सोरेन, गौतम पासवान( अब मृत), टीपीसी प्रमुख ब्रजेश गंझू, विश्वनाथ उर्फ संतोष, प्रकाश महतो उर्फ पिंटू महतो। 15 लाख की श्रेणी में रीजनल कमांडर रणविजय महतो, दुर्याधन महतो उर्फ मिथलेश सिंह( सरेंडर) इंदल गंझू उर्फ ललन गंझू(सरेंडर) मदन महतो उर्फ शंकर और पूनम उर्फ जोवा शामिल थे।

### आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने में राज्य सरकार फेल : आशा

**रांची।** भाजपा की राष्ट्रीय सचिव डॉ आशा लकड़ा ने कहा है कि आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने में राज्य सरकार विफल हो चुकी है। उन्होंने कहा कि साढ़े तीन साल के कार्यकाल में राज्य के विकास को स्थिर कर दिया गया है। दूसरी ओर राज्य में आपराधिक गतिविधियां दिनोंदिन बढ़ती ही जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में इन दिनों बालू का अवैध कारोबार तेजी से पनप रहा है। पिछले दिनों राज्य के सभी जिलों में एक साथ बालू के अवैध उठाव और परिवहन को लेकर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान सैंकड़ों अवैध बालू लदे हाइवा, डंपर और ट्रक पकड़े गये। इससे यह स्पष्ट है कि राज्य सरकार बालू घाटों की नीलामी न कर बालू के अवैध कारोबार को बढ़ावा दे रही है। साहिबगंज जिले के बोरियो थाना क्षेत्र अंतर्गत चटकी गांव के बाहर घने जंगल में कई टुकड़ों में मानव अंग बरामद किये गये।

# मृत पत्नी ने जिंदा पति के लिए मांगा मुआवजा, भुगतान के लिए चेक भी कटा

## रांची जिला प्रशासन की कार्यशैली का नमूना, त्रुटि सुधारने को पिछले डेढ़ साल से भटक रहे बुजुर्ग

राजेश सिंह

**रांची।** रांची जिला प्रशासन की कार्यशैली का इस बात से पता लगाया जा सकता है कि एक मुआवजे के भुगतान के लिए आवेदनकर्ता को ही मृतक बता दिया और मृतका को आवेदनकर्ता बता उसके नाम पर मुआवजे की राशि का चेक काट दिया। अब आवेदनकर्ता जो सरकारी कागजों में मृतक है, वह अपनी मृतक पत्नी के मुआवजा और इसमें आयी त्रुटि में सुधार को लेकर जिला प्रशासन के एक कार्यालय से लेकर दूसरे कार्यालय तक भटक रहा है, परेशान है, लेकिन उसे अब तक मुआवजे की राशि मिलने में सफलता हासिल नहीं हो सकी है।

मामला कोविड-19 महामारी के दौरान हुई मौत पर मुआवजा को लेकर है। रांची के अरगोड़ा निवासी श्याम कुमार वर्मा की पत्नी मधु कुमारी को कोरोना संक्रमण हो गया था। उन्हें रांची के सदर अस्पताल में भरती कराया गया। इलाज के दौरान मधु कुमारी का 21 अप्रैल 2021 को मौत हो गयी। बाद में सरकार ने कोरोना संक्रमण से हुई मौत पर मुआवजे देने की घोषणा की। मुआवजे के लिए श्याम कुमार वर्मा ने अरगोड़ा अंचल में आवेदन दिया। इसके बाद जिला प्रशासन ने कोविड से जिन लोगों की मौत हुई है, उसका लिस्ट जारी किया। जारी लिस्ट में आवेदक श्याम कुमार वर्मा को ही मृतक बता दिया गया और उनकी मृतक पत्नी, जिनकी कोरोना संक्रमण से मौत हुई, उन्हें आवेदक बना दिया गया। यही नहीं, इसके बाद मृतक मधु कुमारी को आवेदनकर्ता बता उनके नाम मुआवजे की राशि का 50 हजार रुपये का चेक भी काट दिया। अब भला कोई मृतक इस राशि को कैसे ग्रहण करेगा।

इसी त्रुटि में सुधार के लिए श्याम कुमार वर्मा ने रांची उपायुक्त के नाम 27 फरवरी 2023 को मेल के माध्यम से आवेदन दिया और इसकी हार्ड कॉपी 28 फरवरी 2023 को उपायुक्त कार्यालय में जमा भी किया। इसके बाद छह अप्रैल को पुनः एक रिमाइंडर भेजा, लेकिन अब तक उस त्रुटि में सुधार कर आवेदनकर्ता श्याम कुमार वर्मा को मुआवजे की राशि का भुगतान नहीं किया गया है। जबकि, श्री वर्मा ने इस बात की शिकायत विभिन्न संचार माध्यमों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और यहां तक कि देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी की है। लेकिन, उधर से भी अब तक उन्हें कोई आश्वासन प्राप्त नहीं हुआ है।

## 20वीं बीज परिषद् की बैठक में बीएयू के कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने कहा

# गुणवत्तायुक्त बीज उत्पादन पहली प्राथमिकता

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** राज्य में प्रमाणित बीज की आवश्यकता एवं किसानों द्वारा गुणवत्तायुक्त बीज की मांग को देखते हुए वैज्ञानिकों को प्रजनक बीज उत्पादन में तत्पर एवं विशेष ध्यान देना होगा। गुणवत्तायुक्त बीजोत्पादन कार्यक्रम बीएयू की पहली प्राथमिकता है। उक्त बातें गुरुवार को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) के कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने 20वीं बीज परिषद् की बैठक में कही। उन्होंने कहा कि इन्हीं बातों को ध्यान में रखकर सबसे पहले बीएयू बीज परिषद् की बैठक बुलायी गयी। बीएयू अधीनस्थ सभी केन्द्रों के फार्म में आगामी खरीफ मौसम में उचित समय पर बीजोत्पादन कार्यक्रम लागु करनी होगी। फार्म की शत-प्रतिशत भूमि का आपसी तालमेल से जेडआरएस एवं केवीके सदुपयोग करें।

विशेषज्ञ डॉ दिनेश कुमार, कार्यपालक सचिव, इंडियन एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी एसोसिएशन एवं पुर्व उपमहानिदेशक (आईसीएआर) ने धान एवं दलहन क्षेत्र में राष्ट्रीय औसत से अधिक उत्पादकता के बावजूद विभिन्न फसलों के उत्पादन में कमी को चिंता का विषय है। किसानों को गुणवत्तायुक्त बीज उपलब्ध कराकर इस अंतर को कम करने और लाभप्रदता, उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि की बात कही। निदेशक अनुसंधान डॉ पीके सिंह ने सभी जेडआरएस एवं केवीके वैज्ञानिकों को हाल में रिलीज किये गये विभिन्न फसलों के नये उन्नत किस्मों को प्रत्यक्षण के माध्यम से प्रदर्शित एवं स्थानीय किसानों के बीच लोकप्रिय बनाने पर बल दिया।


मौके पर असीम रंजन एक्का, प्रभारी बीज प्रमाणीकरण एवं बीज जांच, कृषि विभाग ने कहा कि झारखंड राज्य को प्रतिवर्ष 5-6 लाख क्विंटल अनुमानित सत्यापित बीज की आवश्यकता है। प्रदेश में सीड विलेज सुषुप्त है, जिसे प्रभावी करने की जरुरत है। संतोष कुमार, उपनिदेशक (कृषि) ने कहा कि सारथी पोर्टल के ब्लाक सीड चैन में पंजीकरण कराकर बीज की जानकारी दी जा सकती है।

डॉ आरएस चंदेल, क्षेत्र प्रबंधक, एनएससी ने बताया कि राज्य में किसानों की पारस्परिक सहभागिता से बीजोत्पादन कार्यक्रम उपयोगी साबित होगी। एनएससी द्वारा झारखंड राज्य की आवश्यकता का 65-70 प्रतिशत सत्यापित बीज उपलब्ध कराया जाता है। बीएयू के सहयोग से बीज की उपलब्धता को राज्य में मजबूती दी जा सकती है। तकनीकी सत्र में गोरियाकरमा फार्म, तीन जेडआरएस एवं सोलह केवीके के प्रभारियों द्वारा वर्ष 2022-23 के खरीफ एवं रबी फसलों की उपलब्धियों एवं आगामी खरीफ एवं रबी फसलों के बीजोत्पादन के भावी कार्यक्रम को प्रस्तुत किया गया। परिषद् द्वारा बीज एवं प्रक्षेत्र निदेशालय के वर्ष 2022-23 के खरीफ एवं रबी फसलों की बीजोत्पादन उपलब्धियों एवं वर्ष 2023-24 में खरीफ एवं रबी फसलों के भावी बीजोत्पादन कार्यक्रमों को अनुमोदन दिया गया।

### 15 अगस्त तक पूरे फार्म क्षेत्र को आच्छादित करने का निर्देश

**कुलपति** ने बीएयू अधीनस्थ सभी केन्द्रों को 15 अगस्त तक पूरे फार्म क्षेत्र को आच्छादित करने का निर्देश दिया। साथ ही बीज उत्पादन एवं आपूर्ति के लिए बीएयू एवं एनएससी के बीच एमएयू की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बीएयू राज्य सरकार के कृषि विभाग का अंग है और कृषि विभाग द्वारा बीज आपूर्ति एवं अन्य कार्यक्रमों में राज्य के एकमात्र कृषि विवि बीएयू को पहली प्राथमिकता देनी की आवश्यकता है। वहीं, विशेषज्ञ डॉ एसआर धुआ, पूर्व प्रधान वैज्ञानिक, आईसीएआर-नेशनल राइस रिसर्च इंस्टिट्यूट, कटक ने बीएयू द्वारा नये उन्नत फसल प्रजाति का विकास एवं नये प्रभेदों का सफल बीजोत्पादन कार्यक्रम की प्रशंसा की। उन्होंने बीज उत्पादन और बीज उठाव की दिशा में कृषि निदेशालय, झारखंड सरकार के सकारात्मक पहल की प्रशंसा की।

## स्वामी दिव्यानंद ने कहा बजरंग दल को बैन करने की बात दुर्भाग्यपूर्ण



**रांची।** हिंदू धर्म गुरु स्वामी दिव्यानंद जी महाराज ने कहां कि भारत श्रीराम की धरती है, श्री कृष्ण की धरती है, गुरु गोविंद सिंह की धरती है, संत रविदास की धरती है, बिरसा मुंडा की धरती है। हम भारत में श्री राम और श्री बजरंगबली का नाम नहीं लें, तो क्या यरुशलम, अरब में नाम लेंगे। कुछ प्रदेशों में बजरंग दल को बैन करने की बात जो राजनेता कर रहे हैं और विशेषकर कांग्रेस, यह दुर्भाग्यपूर्ण है। तुष्टिकरण की राजनीति के कारण यहां आतंकवादियों की वकालत करने वाले लोग भी मिल जाते हैं। श्रीराम की धरती में राम के विरोध में खड़े होने के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटा सकते हैं और अब सनातन की रक्षा व राष्ट्रवाद के विषय पर काम करने वाले प्रखर संगठन बजरंग दल को बैन करने की मंशा बना रहे हैं।

# मेगा ट्रेड फेयर बना रांचीवासियों के लिए मनोरंजन का केंद्र



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में चल रहे इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर में खरीदारी करने के लिए रांची समेत अन्य जिलों के लोग भी पहुंच रहे हैं। गुरुवार को भी फेयर में लोगों का आना लगा रहा। शाम होने से पहले ही लोग फेयर में पहुंच रहे हैं। प्रत्येक स्टॉल में लोगों की भीड़ दिखी, जो अपनी जरूरत की चीजें खरीदारी करते नजर आये। घरेलू सामान, बच्चों के खिलौने, आर्टिफिशियल ज्वेलरी, कालीन, सजावटी सामान की भी जमकर खरीदारी की जा रही है। गर्मी के कपड़ों सहित डिजायनर कपड़े महिलाओं को काफी पसंद आ रहे हैं। फूड जोन में अनेक तरह के व्यंजनों का लुत्फ भी लोग उठा रहे हैं। मेले में प्रवेश शुल्क 20 रुपये है। ऑटो जोन में विभिन्न कंपनियों की कार को प्रदर्शित किया गया है। लोग इन कारों की जानकारी ले रहे हैं।

वहीं, फेयर में कई स्टालधारकों द्वारा बेहतरीन ऑफर भी दिये जा रहे हैं। फर्नीचर इंटीरियर हॉल में नाइटवेयर पर 15 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। इसके अलावा कॉटन क्राफ्ट में कई उत्पादों पर 20 प्रतिशत, बबलू फाउंटेन व सिकरी हैंडक्राफ्ट में 20 प्रतिशत, नदीम मार्बल के स्टॉल पर 20 प्रतिशत तक का लाभ उठाया जा सकता है। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री और महासचिव डॉ अभिषेक रामाधीन ने कहा कि ट्रेड फेयर में आने वालों की रुचि दिख रही है। लोग परिवार के साथ आ रहे हैं और खरीदारी कर रहे हैं।

जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री और खूंटी के सांसद अर्जुन मुंडा ने गुरुवार को ट्रेड फेयर का भ्रमण किया। उनके आगमन पर झारखंड चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री और महासचिव डॉ अभिषेक रामाधीन ने उनका स्वागत करते हुए ट्रेड फेयर के आयोजन के बारे में बताया। केंद्रीय मंत्री ने विभिन्न स्टॉलों का भ्रमण किया। उन्होंने झारखंड चैंबर और जीएस मार्केटिंग एसोसियेट्स के प्रयासों की सरहाना करते हुए कहा कि ट्रेड फेयर के आयोजन का फायदा आम लोगों के साथ उत्पादों को भी मिलता है। मौके पर चैंबर के उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, अमित शर्मा, सह सचिव शैलेश अगवाल, रोहित पोद्दार, प्रवक्ता ज्योति कुमारी, पूर्व अध्यक्ष कुणाल अजमानी, धीरज तनेजा, सदस्य नवजोत अलंग, प्रमोद सारस्वत, आरके चौधरी समेत अन्य लोग मौजूद थे। वहीं, झारखंड भाजपा के नये संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह, सांसद दीपक प्रकाश, दीपक बंका भी ट्रेड फेयर पहुंचे।

## गोस्सनर कॉलेज में राष्ट्रीय संगोष्ठी 15 को

**रांची।** गोस्सनर कॉलेज रांची आईक्यूएसी तथा झारखंड फिलोसॉफिकल फोरम द्वारा 15 मई को क्लब रोड स्थित गोस्सनर कॉलेज के सभागार में दिन के 11 बजे से एकदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इसका विषय है राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का दर्शन (फिलोसफी ऑफ नेशनल एजुकेशन पॉलिसी-2020)। इस संगोष्ठी के सफल आयोजन को लेकर गुरुवार को कॉलेज में एक बैठक का आयोजन किया गया। कॉलेज की प्राचार्य प्रो ईलानी पूर्ति ने यह जानकारी देते हुए इसके आयोजन को लेकर हो रही तैयारियों की जानकारी दी। झारखंड फिलोसॉफिकल फोरम के सचिव डॉ. पी. के. सिन्हा एवं अध्यक्ष डॉ. अशरफ बिहारी ने कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी साझा की।

## सर्वोदय शिक्षा एवं विकास समिति की बैठक में 12 प्रस्तावों पर मुहर



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सर्वोदय शिक्षा एवं विकास समिति की बैठक गुरुवार को समिति के अध्यक्ष और स्थानीय विधायक सीपी सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को ज्ञानोदय उच्च विद्यालय के प्रांगण में संपन्न हुई। इसमें कुल 12 प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष और विधायक सीपी सिंह ने कहा कि विद्यालय में अनुशासन बहुत जरूरी है। विशेषकर छात्रों और शिक्षकों के बीच अनुशासन का पालन होना चाहिए। उन्होंने समिति के नवनियुक्त सदस्यों से विद्यालय हित में काम करने का आह्वान किया। इस मौके पर श्री सिंह ने नवनियुक्त सदस्य नीरज पांडे, अनिल कुमार सिंह और नलिनी रंजन मिश्रा को समिति में पहली बार जुड़ने पर अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया। बैठक में समिति के सचिव एनडी शर्मा, विद्यालय के सचिव डॉ भीम प्रभाकर, पूर्व प्रधानाध्यापक दीपतेंदू पांडे सहित कई सदस्य मौजूद थे।

## चटकपुर में चला स्वास्थ्य जागरूकता अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** झारखंड स्वास्थ्य मिशन, रांची एवं एडब्ल्यूपीएल के सौजन्य से चटकपुर में स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चलाया गया। इसमें लोगों को आयुर्वेदिक चिकित्सा के बारे जानकारी दी गयी। आजकल लोगों को एलोपैथ दवा की आदत होती जा रही है। लगातार इसका सेवन करने से किडनी में प्रॉब्लम आना शुरू हो जाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में झारखंड स्वास्थ्य मिशन, रांची के अध्यक्ष संतोष, एडब्ल्यूपीएल के डायमंड लीडर अभिनीत सेतु, डॉ नीलकमल, अमर किशोर, नीरज कुमार, पंकज कुमार, सुखदेव साव, बादल कुमार आदि का सहयोग रहा।

## खबर एक नजर में

### सीबीएसइ के कैपिसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के तहत प्रशिक्षण वर्ग



**रांची।** सरस्वती शिशु विद्यामंदिर धुर्वा के केशव सभागार में गुरुवार को सीबीएसई के कैपिसिटी बिल्डिग प्रोग्राम के तहत एक्सपेरिमेंटल लर्निंग विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का विधिवत उद्घाटन हुआ। इस प्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटन सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इस प्रशिक्षण वर्ग में कुल 60 शिक्षक भाग ले रहें हैं। प्रशिक्षक के तौर पर मौसमी दास, प्राचार्य, एसडीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस जमशदेपुर एवं डॉ छाया सिंह रांची ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण सत्र के पहले दिन कई विषयों पर चर्चा की गयी। आज शिक्षकों का प्रथम दिवस का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। इस अवसर पर शिशु विकास मंदिर समिति के मा अध्यक्ष शक्तिनाथ लाल दास एवं सहमंत्री डा धनेश्वर महतो उपस्थित रहे। वर्तमान समय में प्रशिक्षण की अवश्यकता एवं विषय प्रवेश विद्यालय की प्राचार्या डॉ संध्या सिंह ने कराया।

### तंबाकू से खतरे को जागरूकता सत्र आयोजित



**रांची।** नीरजा सहाय डीएवी में गुरुवार को आरसीएचआरसी कांके के एक दल द्वारा विद्यार्थियों को तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों से दूर रहने एवं अन्य युवाओं को इससे बचाने का संदेश देता हुआ एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस जागरुक करने वाले सत्र का नेतृत्व अस्पताल के नीरज सतीश तथा मुकुल घोष कर रहे थे। आंकड़ों एवं तथ्यों से सजे इस कार्यक्रम ने इन जानलेवा मादक पदार्थों के वीभत्स परिणाम विद्यार्थियों को दिखाये तथा उनको जागरूक बनाया। प्राचार्या किरण यादव ने भी इन हानिकारक पदार्थों से युवाओं को स्वयं दूर रहने एवं दूसरों को भी दूर रखने कीसलाह दी तथा कैंसर हॉस्पिटल की टीम को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### गरीबों के बीच सत्तू शरबत का किया गया वितरण



**रांची।** गुरूवार को लांयस कल्ब आफ रांची ईस्ट के द्वारा सत्तू शरबत वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया था। यह कार्यक्रम पूरे मई महीना तक चलेगा। कार्यक्रम के प्रायोजक थे साकेत एवं तृष्णा अग्रवाल। यह कार्यक्रम रांची ईस्ट प्याऊ के प्रांगण में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पूर्व जिलापाल रोरिंग राजेश गुप्ता पवन के द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। कल्ब अध्यक्ष लायन रतन अग्रवाल, लक्ष्मी नारायण गुप्ता, सुनील माथुर, अमर चंद बैगानी, राम किशन तथा साकेत के परिवार एंव इनके मित्र मंडली भी मौजूद थे।

### श्री गुरु अमरदास जी का प्रकाश पर्व मना



**रांची।** गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा,कृष्णा नगर कालोनी में गुरुवार को तीसरे नानक श्री गुरु अमरदास जी का प्रकाश पर्व श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सुसज्जित विशेष दीवान की शुरुआत हुई। उसके बाद श्री गुरु अंगद देव जी के प्रकाश पर्व के दिन 21 अप्रैल से संगत द्वारा पढ़े जा रहे तीन सहज पाठों की सामूहिक समाप्ति हुई। मौके पर शबद गायन कर साध संगत को गुरवाणी से जोड़ा। गुरुघर के सेवक मनीष मिढ़ा ने कथावाचन करते हुए संगत को बताया कि सिखों के दूसरे गुरु अंगद देव जी ने उनकी सेवा और समर्पण से प्रसन्न होकर एवं उन्हें सभी प्रकार से योग्य जानकर 'गुरु गद्दी' सौंप दी। इस प्रकार वे सिखों के तीसरे गुरु बन गए।

### कोनका मौजा सरना स्थल में विवाह संस्कार संपन्न



**रांची।** डॉ कामिल बुल्के पथ में लोयोला ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के सामने स्थित कोनका मौजा सरना स्थल में गुरुवार को दो जोड़े वर-वधू का आदिवासी रीति रिवाज के साथ पवित्र विवाह संपन्न हुआ। इस अवसर पर कोनका मौजा सरना के पाहन धांधू किस्पोट्टा व पहनाइन परनो किस्पोट्टा की अगुवाई में पवित्र विवाह का यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस विवाह कार्यक्रम में चुटिया निवासी रिकी कुजूर संग रुपा मुंडा तथा विक्की कुजूर संग अनु कुमारी परिणय सूत्र में बंधकर एक दूसरे के जीवन साथी बन गए।

### हेहल डीएवी में निरीक्षण

**रांची।** हेहल डीएवी पब्लिक स्कूल में गुरूवार को एनसीसी (गर्ल्स बटालियन) के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल राजीव कुमार एवं ऑफिसर मेजर मीनाक्षी ने विद्यालय की एनसीसी कैडेट अनन्या मण्डल को थल सैनिक कैम्प में राइफल शूटिंग में गोल्ड मैडल लाने एवं सफल संचालन के लिये प्राचार्य एस के मिश्रा से मुलाकात कर बधाई दी। उन्होंने कहा कि डीएवी संस्था शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों की संवाहिका है। हमें इस संस्था से हमेशा अपेक्षाकृत सहयोग मिलता है। इस अवसर पर कर्नल राजीव कुमार ने एनसीसी की कैडेट्स को भी सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि एनसीसी का विशाल आयाम रोजगार के वृहद अवसर प्रदान करता है। एनसीसी के नियमों का पालन करते हुये अनुशासित होकर पढ़ाई करनी चाहिये।

### आर्मी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने कंपीटिशन में लिया हिस्सा

**रांची।** आर्मी पब्लिक स्कूल रांची में गुरुवार को इंटर हाउस इंग्लिश पोयम रेसिटेशन (इंटर हाउस इंग्लिश पोएम रेसिटेशन) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में क्लास एक से पांचवी तक के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। साथ ही प्रतिभागी बच्चों ने अपने-अपने अंदाज में विभिन्न विभिन्न विषयों में कविता वाचन किया। बच्चों की प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। निर्णायक मंडली प्रतिभागी बच्चों की प्रस्तुति पर अंक देकर विजेताओं की घोषणा की। दो सदस्यी निर्णायक मंडली में हेडमिस्ट्रेस निशा राय तथा कला शिक्षक मोहम्मद साबिर हुसैन थे। मंच का संचालन भावना कुमार ने किया। निर्णायक मंडली द्वारा घोषित विजेताओं के नाम इस प्रकार हैं ऋतिशा, ऋषिकेश, विहान झा, नंदिनी सिंह, तृषा जैन, विद्यानी सिंह ,दीक्षा, कृष्णा, अभिज्ञा, तथा एंजेल थे। प्राचार्य महोदय श्री अभय कुमार सिंह ने बच्चों को आशीर्वाद दिया।

### मदरसा इस्लामिया ने चलाया शिक्षा जागरूकता अभियान

**रांची।** ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के प्रति लोगों में जागरूकता लाने को लेकर मदरसा इस्लामिया एवं अंजुमन इस्लामिया ने संयुक रूप से जागरूकता अभियान चलाया और लोगों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराया। साथ ही उन्होंने अंजुमन इस्लामिया व मदरसा इस्लामिया द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में दी जा रही सुविधाओं के प्रति लोगों को जानकारी दी। यह अभियान राँची जिला के विभिन्न क्षेत्रों में चलाया गया। इस दौरान छात्रों एवं अभिभावकों को मदरसा इस्लामिया व अंजुमन इस्लामिया के द्वारा छात्रों को दी जा रही मुफ्त सुविधाओं का लाभ उठाने की अपील की गई। बताया गया कि मदरसा इस्लामिया में छात्रों को धार्मिक शिक्षा के साथ साथ कंप्यूटर, हिंदी, अंग्रेजी, गणित विज्ञान सहित सभी तरह की शिक्षा मुफ्त दी जाती है। साथ ही छात्रों को छात्रावास में रहने एवं खाने पीने की भी सुविधा मुफ्त उपलब्ध कराई जाती है। वहीं लाइब्रेरी एवं स्टडी सेंटर में विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी कराई जाती है।

# रांची सदर अस्पताल का मॉड्यूलर ओटी शुरू

## पित्त की थैली से स्टोन को लेजर सर्जरी से निकाला गया

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सदर अस्पताल के नए बिल्डिंग के मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर का लाभ मरीजों को मिलने लगा है। गुरुवार को धुर्वा निवासी एक महिला के पित्त की थैली में हुए स्टोन को लेजर विधि से ऑपरेशन कर बाहर निकाला गया है। ऑपरेशन के लिए चिकित्सकों ने मरीज को बेहोश कर पेट में छोटे-छोटे छेद करते हुए ऑपरेशन की प्रक्रिया पूरी की। यह ऑपरेशन निशुल्क किया गया। इस ऑपरेशन में सर्जन डॉक्टर अजीत कुमार, एनएसथेटिस्ट डॉ दीपक कुमार, डॉ विकास वल्लभ, ओटी असिस्टेंट सुशील, नंदनी, मोहित, नीरज, नर्स सविता और पूनम शामिल थीं।

टीम के मुख्य चिकित्सक डॉ अजीत कुमार ने कहा कि ऑपरेशन के बाद मरीज की स्थिति अच्छी है। एक-दो दिन ऑब्जरवेशन में रखने के बाद उन्हें छुप्ती दे दी जाएगी। मालूम हो कि सदर अस्पताल में मॉड्यूलर ओटी के चालू हो जाने से मरीजों को काफी लाभ होगा। ऑपरेशन के लिए मरीजों को इंतजार नहीं करना पड़ेगा। आधुनिक तकनीक से लैस मॉड्यूलर ओटी के चालू होने से ऑपरेशन ज्यादा सुरक्षित एवं सरल होगा।

## जेडआरयूसीसी सदस्य मनोनीत किये जाने पर अरुण जोशी को दी बधाई



**रांची।** मारवाड़ी समाज के अरुण जोशाी को भारत सरकार के रेल मंत्रालय द्वारा जेडआरयूसीसी सदस्य मनोनीत किए जाने पर झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी समाज ने अरुण जोशी को बधाई दी है। विदित हो कि अरुण जोशी पूर्व मे डीआरयूसीसी सदस्य थे। उनके कुशल मार्गदर्शन व सुझावों से झारखंड के कई जिलों में ट्रेनों का ठहराव, विस्तार एवं सुरक्षा मानकों को लागू किया गया है। मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय उपाध्यक्ष मनोज बजाज व महामंत्री रविशंकर शर्मा ने पत्र प्रेषित कर श्री जोशी को बधाई देते हुए कहा कि यह मारवाड़ी समाज को गौरवान्वित करने वाला क्षण है।

# हज यात्रियों को सुविधा प्रदान करने को गठित होगी चार सदस्यीय कमेटी

## हज हाउस में राज्य हज समिति की बैठक संपन्न, लिये गये कई महत्वपूर्ण निर्णय

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** झारखंड राज्य हज समिति की बैठक गुरुवार को हज हाउस कडरु में समिति के अध्यक्ष इरफान अंसारी द्वारा आयोजित की गयी। इस बैठक में समिति के सदस्य गयासुद्दीन सिद्दिकी, शेख बदरुद्दीन, मौलाना तहजीबुल हसन रिजवी, मोहम्मद मनीर आलम, मो इकबाल आसम. मुश्ताक अहमद, मुफ्ती अनवर कासमी आदि उपस्थित थे।

बैठक में हज 2023 के हज यात्रियों के प्रस्थान के समय तैयारी से संबंधित मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में सर्वसम्मति से एक हज यात्री के साथ एक रिश्तेदार को ठहराने की अनुमति देने का निर्णय लिया गया।

ज्ञातव्य हो कि झारखंड के दो इम्बारकेशन रांची से-2384 और कोलकाता से हज पर रवाना होंगे। समिति के अध्यक्ष डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि वर्ष 2023 में जाने वाले हाजियों को हज हाउस में रहने, खाने आदि की व्यवस्था की जाएगी और हर संभव मदद दी जाएगी।

हज हाउस भवन के मेंटेनेन्स के लिए किसी प्राइवेट एजेन्सी या बाह्य स्रोत कराने का निर्णय लिया गया ताकि हज यात्रियों को हज हाउस में बिजली, पानी, साफ-सफाई, लिफ्ट एसी, की सारी व्यवस्था मिल सके। साथ ही हज -2023 के हज यात्रियों की सुविधा प्रदान करने के लिए चार सदस्यीय कमिटी गठित की जाएगी। उन्हीं की देखरेख में कार्य किया जाएगा।

## स्पीड न्यूज

### जल संरक्षण को लेकर निकाली रैली

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बुधबाजार दोतल्ला पंचायत के विभिन्न-टोलो मुहल्लों में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत गुरूवार को जल संरक्षण, एकल प्लास्टिक के उपयोग पर पूर्णत: प्रतिबंध, पौधारोपण, जल गुणवत्ता एवं जल संरक्षण पर जागरूकता को ले स्वच्छता रैली निकाली गई। इस दौश्रान स्थानीय मुखिया सत्यवंती देवी के नेतृत्व में विभिन्न-टोलो मुहल्लों का भ्रमण करते हुए घर-घर प्लास्टिक कचरा का संग्रहण भी किया गया। मौके पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पतरातू प्रखंड उपप्रमुख बबीता पांडेय ने ग्राम पंचायत को पूर्णता स्वच्छ बनाने हेतु सबकी सहभागिता एवं नियमित श्रमदान करने की अपील की। साथ ही उन्होंने घर में उपयोग करने वाले हैं एकल प्लास्टिक को इधर उधर ना फेंककर घर में ही एक थैले में संग्रह कर उसे ग्राम पंचायत को देने एवं इस मानसून में हर व्यक्ति को कम से कम दो-दो पौधा लगाने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि पूरे पंचायत को स्वच्छ रखना हमसबों का दायित्व है। स्वच्छता रैली राजकीय कन्या मध्य विद्यालय भुरकुंडा से नायक टोला, आजाद नगर, भुंइया टोला, सरना टोला, मांझी टोला, शिवनगर मोहल्ला, 40 नंबर मोहल्ला, बीटीटीआई मोहल्ला आदि क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए स्वच्छता अपनाना है-देश को सुंदर बनाना है, स्वच्छता ही सेवा है-गंद्गी जानलेवा है, जल संचय की करो तैयारी-होने वाली है वर्षा भारी, हर रोगों की एक दवाई-घर में रखो साफ-सफाई, जल है अनमोल-इसका नहीं कोई मोल, हाथ से हाथ बढ़ाएंगे-सब मिलकर पेड़ लगाएंगे आदि नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक करते दिखें। रैली के उपरांत मुखिया सत्यवंती देवी ने ग्रामीणों व छात्र-छात्राओं को सामूहिक रूप से स्वच्छता का शपथ दिलाया।

### सेफ्टी बोर्ड के सदस्य बने शशीभूषण

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सीसीएल कोलयरी कर्मचारी संघ से सम्बद्ध भारतीय मजदूर संघ ने बरका-सयाल क्षेत्र के भुरकुंडा की बलकुदरा खान में माइनिंग सरदार पद पर कार्यरत शशी भूषण सिंह को पुन: सत्र 2023-25 के लिए सीसीएल सेफ्टी बोर्ड का सदस्य मनोनीत किया है। अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के महामंत्री सुधीर घुरड़े ने 2 अप्रैल को कमेटी के अन्य सदस्यों के साथ इनके मनोनयन की पत्र निर्गत कर सूचना जारी की है। श्री सिंह ने कहा कि जिस उम्मीद व विश्वास के साथ संगठन ने मुझे यह दायित्व सौंपा है उसका ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि सबों को एक सूत्र में पिरोकर संगठन को और बुलंदियों तक ले जाना मेरा लक्ष्य होगा। शशी भूषण सिंह के मनोनयन पर सीसीएल सीकेएस के अध्यक्ष मनोज रजक, महामंत्री राजीव रंजन सिंह व नव मनोनीत कमेटी के सदस्यों ने हर्ष जताते हुए बधाई दी है। वहीं बरका-सयाल के अध्यक्ष हरिनाथ महतो, सचिव शंभू प्रसाद सिंह, कोषाध्यक्ष श्रीकांत गुप्ता सहित सभी परियोनाओ के अध्यक्ष, सचिव, कार्यसमिति सदस्य व कार्यकर्ताओं ने बधाई देते हुए कहा की इनके मनोनयन से क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में एक अलग ऊर्जा का संचार हुआ है और मनोबल में वृद्धि हुई है।

### ट्रेन से कटकर सीसीएल कर्मी की मौत

**कुजू।** ओपी क्षेत्र के सारूबेड़ा खिजुरिया टोला के पास गुरूवार की सुबह मालगाड़ी ट्रेन की चपेट में आकर एक सीसीएल कर्मी की मौत घटना स्थल पर ही हो गयी। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर अंत्यपरीक्षण के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि सारूबेड़ा निवासी सीसीएल कर्मी बिनोद उरांव (46 वर्ष) पिता स्व एतवा उरांव चैनपुर व करमा हाट रेलवे स्टेशन पोल संख्या 83/20- 83/18 के बीच खिजुरिया टोला के पास ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गयी। मृतक बिनोद उरांव सीसीएल कुजू क्षेत्र के पुंडी कोलियरी में कार्यरत था।

### सड़क दुर्घटना में युवती की मौत

**टाटीझरिया ।** झरपो मोहलनिया निवासी नरेश राणा की पुत्री लक्ष्मी कुमारी 17 वर्ष की दिल्ली से लौटने क्रम में उरुमा मोड़ के पास सड़क दुर्घटना में मौत हो गई बाकी परिवार बाल बाल बचे बता दे की नरेश राणा अपने सपरिवार के साथ दिल्ली से झरपो में भाई के बेटे की मुंडन के लिए आ रहा था दिल्ली से झारखंड संपर्क क्रांति रेल गाड़ी से रात्रि लगभग 3 बजे कोडरमा स्टेशन पहुंचे। करीब सुबह 4 बजे टेंपू से अपने सभी परिवार के साथ नरेश राणा, काली राणा, ममता देवी, पियूष राणा ,लक्ष्मी कुमारी ,सागर राणा, दीपक राणा ,हेवंती देवी, झरपो आ रहे थे उरुवा मोड़ के पास सवारी लेने के लिए रुकी इसी बीच अज्ञात डीजे साउंड गाड़ी जो कोडरमा तिलैया से हजारीबाग की ओर आ रही थी टेंपू को पीछे से टक्कर मारी टेंपू पलट गई जिसमे लक्ष्मी कुमारी की मौत हो गई।

### पूर्व विधायक ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

**विष्णुगढ़।** ग्राम मडमो के गमहरियाटांड़ में 63 केवीए ट्रांसफार्मर का उद्धाटन बगोदर के पूर्व विधायक नागेंद्र महतो ने फीता काट कर किया ।जानकारी के अनुसार मडमो गांव में दिनों से बिजली की समस्या थी ।समस्या को देखते हुए पूर्व विधायक ने 63 केवीए ट्रांसफार्मर की पहल कर ट्रांसफार्मर का उद्धाटन किया ।मौके पर मुखिया प्रतिनिधि अजय मिर्धा,पंचायत समिति सदस्य बहराम हांसदा,सरिता कुमारी वार्ड सदस्य अर्जून महतो, जगदीश महतो,कैलाश महतो, कारुलाल महतो,खेमनारायण महतो,गणेश महतो,सीताराम महतो,सुरेंद्र महतो,टेकलाल महतो, रामानंद सिंह,अरविंद सिंह बहराम मरांडी सहित दर्जनों महिलाऐं एवं पुरूष मौजूद थे।

### कुजू चौक में खुला ऑटो पार्ट्स दुकान



**कुजू।** समाज सेवी रामप्रसाद साहू व बिहारी लाल साहू ने संयुक्त रूप से कुजू चौक स्थित साहु मार्केट में गुरूवार को फीता काटकर साहु ऑटो पाटर्स दुकान का शुभारंभ किया। इससे पूर्व पंडित यमुना पांडेय द्वारा विधिवत पूजा अर्चना किया गया। मौके पर रामप्रसाद साहू व बिहारी लाल ने कहा कि इस साहु ऑटो पाटर्स में मोटर बाइक के सभी पार्टस, टायर व मोबिल उपलब्ध है। जबकि संचालक शुभम साहू व सुमित साहु ने जानकारी दिया कि दुकान में यमाहा, हीरो, होंडा, रॉयल इन्फिल्ड, बजाज, टीवीएस के अलावे अन्य बाइक के पाटर्स, टायर, मोबिल उचित दर पर उपलब्ध होने के साथ खुदरा व हॉलसेल रेट की सुविधा है। मौके पर विनोद साहू, दशरथ प्रसाद साहू, सिकंदर मोदी, बबलु रजक, राजा, रिंकल, कुणाल केशरी, वीरू साहू, विक्की साहू, विवेक साहू, अनिल साहू, राजेश साहू, बबलू साहू, मदन साहू, सुजित साहू सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# टीएसपीसी के तीन उग्रवादी गिरफ्तार

- दिनेश लोहरा, मुकेश तुरी और बहादुर गंझू को पुलिस ने हथियार के साथ दबोचा
- केरेडारी, बड़कागांव, बुढ़मू, उरीमारी और खलारी में बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे सभी आरोपी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** टीएसपीसी के 3 उग्रवादियों को हजारीबाग पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार उग्रवादियों के नाम दिनेश लोहरा, मुकेश तुरी और बहादुर गंझू है। पुलिस ने इनके पास से भारी संख्या में हथियार भी बरामद किया है। गिरफ्तार उग्रवादियों के पास से 1 पिस्टल, 2 कार्बाइन, 1 देशी बंदूक, 21 गोलियां, 1 बाइक और 3 मोबाइल फोन जब्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चौथे ने बताया कि टीएसपीसी एरिया कमांडर पहाड़ी जी उर्फ रामेश्वर महतो दस्ते के उग्रवादी केरेडारी के डमरु जंगल में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। हजारीबाग पुलिस ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि उन्होंने बहादुर गंझू के पास से 9 एमए की लोडेड देशी पिस्टल और 4 जिंदा कारतूस बरामद किया। उसकी निशानदेही पर 1 देशी मराठी बंदूक और 1 स्मार्टफोन जब्त किया। मुकेश तुरी के पास 1 देशी कार्बाइन, 5 जिंदा कारतूस, 1 मोबाइल और अपाचे बाइक मिली। दिनेश लोहरा के पास 1 देशी कार्बाइन, 5 जिंदा कारतूस और 1 मोबाइल फोन मिला। पुलिस आगे इन उग्रवादियों को हिरासत में लेकर पूछताछ करेगी ताकि उनकी गतिविधियों के बारे में और जानकारी जुटाई जा सके।

## रामगढ़ के उपायुक्त टीबी के पांच मरीजों को दिया फूड बास्केट, कहा

# सक्षम लोग मरीजों को लें गोद



**खबर मन्त्र संवाददाता**

रामगढ़ । प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत गुरुवार को डीसी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में सदर अस्पताल में कार्यक्रम हुआ। उपायुक्त ने विश्व यक्ष्मा दिवस के अवसर पर पांच टीबी मरीजों को गोद लिया था। इलाज के दौरान उन्हें फूड बास्केट उपलब्ध कराने की घोषणा की गई थी। इसके उपरांत गुरुवार को मरीजों को उपायुक्त ने फूड बास्केट उपलब्ध कराया । उपायुक्त ने कहा कि 2025 तक पूरे देश को टीबी मुक्त करने के लिए बहुत जरूरी है कि इस दिशा में योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाए। सभी लोग इस में अपना योगदान दें। इस दौरान उपायुक्त टीबी रोग को पहचानने एवं इससे जुड़ी विभिन्न भ्रांतियों के संबंध में सभी को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने रोग के उपचार का व्यापक प्रचार-प्रसार करने, रोग के लक्षण को पहचाने एवं इसमें सभी कार्यालयों, निजी संस्थानों, अस्पतालों, एजेंसियों आदि के महत्व की सभी को जानकारी दी। साथ ही उपायुक्त ने देश से टीबी रोग को खत्म करने के उद्देश्य से सभी सक्षम लोगों से अपने सामर्थ्य के अनुसार मरीजों को गोद लेने एवं जो भी मदद वे मरीजों को पहुंचा सकते हैं उस दिशा में कार्य करने की अपील की।

कार्यक्रम के दौरान सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने पांच मरीजों, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ स्वराज, उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉ उदय श्रीवास्तव, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अभिषेक अग्रवाल की ओर से दो-दो मरीजों एवं कंसल्टेंट डॉ पल्लवी कौशल, जिला लेखा प्रबंधक हिना वर्णवाल, अस्पताल प्रबंधक अतिंद्र उपाध्याय, जिला यक्ष्मा कार्यालय के रविंद्र कुमार के द्वारा एक- एक टीबी मरीज को गोद लेते हुए फूड बास्केट उपलब्ध कराया गया।

### डीसी ने कस्तूरबा विद्यालय का किया औचक निरीक्षण


**पतरातू।** रामगढ़ उपायुक्त माधवी मिश्रा ने गुरुवार को पतरातू प्रखंड मुख्यालय स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। उपायुक्त ने विद्यालय में संचालित गतिविधियों का जायजा लिया। साथ ही छात्राओं से शिक्षा की गुणवत्ता की भी जानकारी ली। इस दौरान उपायुक्त ने छात्राओं को शिक्षा के प्रति प्रेरित भी किया। उपायुक्त ने विद्यालय की वार्डन पुष्पा कुमारी समेत अन्य शिक्षिकाओं को गुणवत्ता के साथ छात्राओं को शिक्षा देने की बात कही।

इसके बाद उपायुक्त ने निमार्णाधीन प्रीफैबरीकेटेड हॉस्पिटल का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्धारित समय में गुणवत्ता के साथ अस्पताल निर्माण का कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। इसके बाद उपायुक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची। यहां उन्होंने 28 अप्रैल को अस्पताल में हुए तोड़फोड़ की घटना की जानकारी ली। इसके अलावा अस्पताल में उपलब्ध दवाइयों के बारे में भी संबंधित कर्मियों से पूछताछ की।

### सागर होटल हरली की जमीन पर अवैध कब्जा के खिलाफ गोलबंद हुए ग्रामीण

**दारू।** सागर होटल हरली की भूमि पर अवैध कब्जा के प्रयास के खिलाफ हरली सहित अन्य जगहों के ग्रामीण गोलबंद होते नजर आ रहे है। इस संबंध में ग्रामीणों ने जिले की उपायुक्त नैंसी सहाय , उपविकास आयुक्त, सीओ दारू को आवेदन देकर जांच की मांग की है। यहां पर हरली मौजा के खाता संख्या 124 प्लॉट संख्या 3934 में कुल 1.52 एकड़ जमीन गैरमजरूआ किस्म की सरकारी जमीन है जिसकी कीमत करोड़ों में है। अब इस जमीन पर झुमरा तिलैया निवासी बबलू कुशवाहा, हरली निवासी बिनोद कुमार और उनकी पत्नी शकुंतला देवी द्वारा अपना बताकर कब्जा का प्रयास किया जा रहा है। इस जमीन पर मालिकाना हक जताने वाले बबलू का कहना है कि उसके पास जमीन के कागजात, रजिस्ट्रर 2 में एंट्री, मुंसिफ कोर्ट द्वारा दिये गए मालिकाना हक के पक्ष में निर्णय की कॉपी है। यह जमीन उसकी है इसलिए इसपर साफ सफाई की जा रही है।

# नीति आयोग की डेल्टा रैंकिंग में रामगढ़ जिले को देश में दूसरा स्थान




**रामगढ़।** आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत नीति आयोग से जारी मार्च की डेल्टा रैंकिंग में रामगढ़ जिले को देश में दूसरा स्थान दिया है। साथ ही हेल्थ एंड न्यूट्रिशन क्षेत्र में जिले को देश में पहला स्थान मिला है। इस उपलब्धि पर उपायुक्त माधवी मिश्रा ने जिला प्रशासन के अधिकारियों एवं कर्मियों को बधाई देते हुए भविष्य में भी इसी तरह कार्य करने के लिए प्रेरित किया। गौरतलब है कि नीति आयोग ने आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत प्रतिमाह जारी किए जाने वाले डेल्टा रैंकिंग में सुधार के लिए उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर नियमित रूप से सभी विभागों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया जा रहा है। सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को इस पर विशेष ध्यान देते हुए नियमित रूप से कार्यों की समीक्षा कर ससमय डाटा पोर्टल पर अपलोड करने का निर्देश दिया गया है।

# रामगढ़ के विकास में सभी बैंक दें योगदान : डीडीसी

**शिक्षा ऋण, हाउसिंग लोन डेयरी लोन, पोल्ट्री फार्मिंग मछली पालन की हुई समीक्षा**

**रामगढ़ ।** जिला समाहरणालय सभाकक्ष में डीडीसी नागेंद्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में जिला परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक के दौरान सबसे पूर्व अग्रणी जिला प्रबंधक संजीव कुमार के द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 में विभिन्न बैंकों द्वारा प्राप्त की गई उपलब्धियों की जानकरी दी गई। इसके उपरांत उप विकास आयुक्त ने सभी बैंकों की जमा साख अनुपात की समीक्षा की। इस दौरान वार्षिक साख योजना के तहत प्राप्त उपलब्धि, सरकार द्वारा प्रायोजित विभिन्न योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, केसीसी आदि के अंतर्गत प्राप्त प्रगति की बैंकवार समीक्षा की गई। बैठक में शिक्षा ऋण, हाउसिंग लोन, डेयरी लोन, पोल्ट्री फार्मिंग, मछली पालन आदि के लिए दिए गए ऋण, वित्तीय समावेशन के अंतर्गत सामाजिक सुरक्षा योजना जैसे अटल पेंशन योजना, सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति योजना आदि की समीक्षा की गई। जेएसएलपीएस के स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को उपलब्ध कराए जाने वाले बैंक लिंकेज के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए उप विकास आयुक्त ने सभी बैंक प्रतिनिधियों को संबंधित मामलों पर विशेष ध्यान देते हुए सभी मामलों को समय से निष्पादित करने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत बैंक वार दिए गए लक्ष्य के तहत लाभुकों को उपलब्ध कराए गए ऋण की समीक्षा करते हुए उप विकास आयुक्त ने बैंक प्रतिनिधियों को प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध शत-प्रतिशत कार्य संपन्न करने का निर्देश दिया। किसानों को उपलब्ध कराए जाने वाले केसीसी के तहत जिला स्तर पर प्राप्त हुए आवेदनों के तहत बैंकों द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए उप विकास आयुक्त ने जिन आवेदनों को अब तक निष्पादित नहीं किया गया है उन पर कार्य करते हुए सभी योग्य किसानों को ऋण उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश। अग्रणी जिला प्रबंधक संजीव कुमार के द्वारा उपस्थित सभी बैंक प्रबंधकों प्रतिनिधियों को सरकार द्वारा लोगों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। सप्ताह में एक दिन पंचायत स्तर पर शिविर आयोजित कर लोगों को योजनाओं की जानकारी देने की बात कही।

### सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस ने चलाया अभियान

**भदानीनगर (रामगढ़)।** सड़क सुरक्षा को लेकर भदानीनगर ओपी पुलिस ने गुरूवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय भदानीनगर में जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान ओपी के एसआई विनय सिंह ने बच्चों को सड़क सुरक्षा का पाठ पढ़ाते हुए सड़क किनारे लगाये गये चिन्ह के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होने बच्चों से कहा कि जब आपके अभिभावक घर से बाईक लेकर बाहर निकले तो उन्हे स्वयं की सुरक्षा के लिए हैलमेट लगाने व कार चलाते वक्त सीट बेल्ट का प्रयोग करने का आग्रह करें। उन्होंने यातायात नियमों का पालन करके सड़क दुर्घटनों में कमी लाई जा सकती है।

# विजय रविदास ने किया दहेज मुक्त विवाह



**खबर मंत्र संवाददाता।**

**हजारीबाग।** सदर प्रखंड के बैहरी ग्राम के युवक विजय रविदास ने दहेज मुक्त विवाह कर समाज के सामने आदर्श प्रस्तुत किया। युवक विजय रविदास पिता लक्ष्मण रविदास का विवाह ग्राम भेलवारा निवासी ने शंभु राम की पुत्री डोली कुमारी से सम्पन्न हुआ। वर एवं वधु एवं दोनों के माता-पिता को दहेज मुक्त झारखंड सेवा संघ के द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। दहेज मुक्त विवाह होने से ग्रामीणों में काफी खुशी देखी गई। मौके पर सदर उप प्रमुख रवि कांत सिंह ने कहा कि दहेज मुक्त संस्था द्वारा इस तरह के कार्यक्रम की पहल से समाज में अच्छा संदेश जाएगा। अब लोगों में जागरूकता आई है। दहेज मुक्त झारखंड सेवा संघ के जिला अध्यक्ष अमरदीप ने कहा कि दहेज प्रथा समाज के लिए कोढ़ के सम्मान है। इस प्रथा को हटाने के लिए मिलकर काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि दहेज के कारण किसी को प्रताड़ित किया जाता है तो तुरंत संस्था को अवगत कराएं। पूर्व मुखिया अरुण यादव ने कहा कि लड़कियों और लड़कों को एक समान शिक्षा देनी होगी। समाज में जागरूकता के जरिये इस कोढ़ को समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि समाज के लोगों को इसके लिए संकल्प लेने की जरूरत है। इस कार्यक्रम में पूर्व सदर प्रमुख सरोजनी राम , आचार्य डब्लू पांडेय, सखिया पंचायत के मुखिया इम्तियाज आलम, समाज सेवी पूरन महतो, जिला महामंत्री रामवरूप महतो, सदर प्रखंड अध्यक्ष नीरज कुमार, सखिया पंचायत के अध्यक्ष शशि कुमार, समाजसेवी डब्लू राणा, विष्णुगढ़ प्रखंड अध्यक्ष टेकमन प्रजापति, गिरिडीह जिला के बिरनी प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र साहू, देवकी महतो, नांदो महतो, निक्की खातून, पूनम कुमारी, अरुण राम, दिलचंद राम सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

**लोगों को शिक्षित करने की जरूरत: अरूण यादव**

## एक नजर में

### जीवन के लिए सफाई बहुत जरूरी : हरेंद्र गोप



**बरही।** प्रखंड अंतर्गत बसरिया पंचायत के बेसिक स्कूल के प्रांगण में स्वच्छता पखवाड़ा को लेकर साफ सफाई व शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप ने बच्चों को संबोधित करते कहा कि साफ सफाई हमारे जीवन के लिए बहुत जरूरी है। साफ सफाई स्वस्थ्य जीवन के अनमोल रहस्य है ।जिसमे धार्मिक भावना के दृष्टिकोण से साफ स्थान पर भगवान का वास है ।साथ ही उन्होंने वैज्ञानिक तर्क देते हुए बताया कि स्वस्थ्य जीवन का सारांश साफ एवं सफाई है ।जिसके लिए शरीर के अलावे निवास करने वाले स्थान का भी नियमितरूप से साफ - सफाई करते रहना चाहिए ।इससे गंभीर से गंभीर बीमारियों को दूर भगाया जा सकता हैं। मौके पर बेसिक स्कूल के प्रधानाध्यापक संजय कुमार दुबे, शिक्षक मनोज घोष, सरफराज आलम, दामोदर साव, सतीश कुमार, आंगनवाड़ी सेविका पूनम देवी, अनीता देवी, सहिया सविता देवी व अन्य ने भाग लिया।

४ है पी २ : साफ-सफाई कार्यक्रम में शामिल मुखिया एवं छात्रगण

### झुमरा शिव मंदिर से बाइक चोरी, मामला दर्ज

**दारू।** दारू थाना क्षेत्र में बाइक चोर काफी सक्रिय है। यहां आये दिन चोरी की घटना घटती रहती है पर पुलिस आजतक एक भी बाइक चोर को नही पकड़ पाई और ना ही कोई चोरी हुई बाइक को बरामद कर पाई। चोरी की ताजा घटना झुमरा शिव मंदिर में एक विवाह समारोह के दौरान हुआ। बंटी पासवान पिता राजू पासवान भोरी स्टाफ कवाटर्र बेरमो जिला बोकारो निवासी अपने दोस्त त्रिलोचन मुंडा की बाइक लेकर झुमरा शिव मंदिर एक विवाह समारोह में शामिल होने आए थे। इसी दौरान उनकी बाइक चोरी हो गई। चोरी की लिखित आवेदन दारू थाना में बुधवार को दिया गया जिसके बाद थाना में कांड संख्या 32/33 में चोरी का मामला दर्ज किया गया।

### बरही में निकाली गयी स्वच्छता रैली



**बरही।** पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, ग्रामीण विकास विभाग एवं पंचायती राज विभाग के संयुक्त तत्वाधान में प्रखंड के बरही पश्चिमी पंचायत के विभिन्न गांवों में स्वच्छता रैली निकाली गई। रैली में मुखिया शमसेर आलम ने सूखा एवं गीला कचरा को फेकने एवं उचित जगह में जमा करने के तरीके से अवगत कराया ।ताकि समय के अनुकूल गंदगी को फेका जा सके। मुखिया समशेर आलम द्वारा स्वच्छता रैली आयोजन कर लोगों के बीच स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाने की अपील की गई। वही ग्रामीणों को स्वच्छता शपथ भी दिलाई। ग्रामीणों से कहा कि सप्ताह में 2 घंटा सुबह शाम स्वच्छता को लेकर साफ सफाई अभियान अपने अपने पंचायत क्षेत्र में चलाया जाएगा। मौके पर प्रधानाध्यापक रविंद्र कुमार अग्रवाल, अजय प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

### सड़क दुर्घटना में पारा शिक्षक की मौत

**विष्णुगढ़।** बुधवार देर शाम विष्णुगढ़-गोमिया सड़क पर घटी एक सड़क दुर्घटना में जमनीनारा के पारा शिक्षक संतोष कुमार महतो(38) पिता हेमलाल महतो का निधन हो गया ।मृतक थाना अंतर्गत अलकिलवा उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में कार्य रत था ।शाम को संतोष जमनीजारा चौक से अपनी बाइक से वापस घर आ रहा था ।घर के पास पहुंचकर बिना संकेत के जैसे से ही उसने अपनी बाइक मोड़ी वैसे ही पीछे से आ रही एक बाइक उससे टकरा गई ।इस टक्कर की वजह से वह सड़क पर गिर गया ।जिससे उसके सिर पर चोट लगी ।विष्णुगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्राथमिक उपचार के बाद उसे हजारीबाग रेफर कर दिया गया ।आरोग्यम जाने के दौरान रास्ते में उसकी मौत हो गई।

### खुटरा में हो रहे पीसीसी कार्य का निरीक्षण

इचाक। इचाक से खैरा भाया दरिया बरका डाडा पथ का इतने लंबे संघर्ष के बाद आज से पीसीसी कार्य प्रारंभ हो चुका है। खु टरा में हो रहे पीसीसी कार्य का निरीक्षण पथ निर्माण संघर्ष समिति के अध्यक्ष ओम प्रकाश मेहता के अलावे पथ निर्माण संघर्ष समिति के पदाधिकारी बसंत नारायण मेहता सुनील तलवार एवं अनिल राणा संतोष मेहता समेत कई लोगों ने किया। निरीक्षण के दौरान कार्य करा रहे आर ई ओ विभाग के जेई घनश्याम साव भी मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान कहीं-कहीं कुछ कमियां पाई गई जिसे सुधारने को कहा गया। पथ निर्माण संघर्ष समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश मेहता ने निरीक्षण करते हुए कहा कि पथ की गुणवत्ता पर किसी भी प्रकार की कोई भी कंप्रोमाइज नहीं की जाएगी संवेदक स्टिमिट के आधार पर काम करें अगर ऐसा नहीं करते हैं तो पथ निर्माण संघर्ष समिति के पदाधिकारी समेत क्षेत्र की जनता बर्दाश्त नहीं करेगी।

### सूर्य मंदिर निर्माण को लेकर भूमि पूजन

**टाटीझरिया ।** प्रखंड क्षेत्र के भराजो गांव छठ तालाब परिसर में बुधवार को सैकड़ों क्षेत्रीय श्रद्धालूओ ने देवी मंडप मे पूजा अर्चना के साथ गांव के अन्य मंदिरों में पूजा करते हुए छठ तालाब प्रांगण में सूर्य मंदिर की निर्माण कार्य को लेकर बहुत ही श्रद्धा पूर्वक क्षेत्रीय पुरोहित महेंद्र पंडा के द्वारा विधिवत मंत्रोच्चारण कर पूजा अर्चना आराधना किया गया । वही भूमि पूजन के दौरान मुख्य यजमान के रूप में मनीष कांत कुमार सह पत्नी मंजू कुमारी , अनिल कुमार सह पत्नी सबिता कुमारी थे।

### 11 मई से शिक्षक संघ का राष्ट्रीय अधिवेशन

**टाटीझरिया।** अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल सिंह के नेतृत्व में शिक्षको का राष्टीय अधिवेशन गुजरात के गांधी नगर में ग्यारह मई से 13 मई के बीच होना सुनिश्चित किया गया है ।झारखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार दीपक के अध्यक्षता में बैठक किया गया। जिसमे कहा गया की राष्ट्रीय अधिवेशन का शुभारंभ भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे ।अधिवेशन स्थल में भारत के लगभग संपूर्ण राज्यों से लाखों की संख्या में शिक्षक शिक्षिकाए भाग लेंगी । जिला अध्यक्ष ने यह भी कहा कि अखिल प्राथमिक भारतीय शिक्षक संघ देश का सबसे बड़ा संगठन है जहां लगभग तीस लाख शिक्षक शिक्षिकाएं सदस्य है।

### जल संरक्षण जीने का एकमात्र उपायः महेंद्र

**विष्णुगढ़।** प्रखंड के आखाड़ा चौक में स्थित एम्बिशन पब्लिक स्कूल में अंतरराष्ट्रीय जल गुरु की उपाधि से विख्यात पूर्व सेवा निर्मित आईपीएस एवं डीजीपी ऑफिसर श्री महेंद्र मोदी ने कहा की हमारी जो अपनी सभ्यता है, अपनी जो संस्कृति है उसकी इज्जत बचाने के लिए हमें जल संरक्षण करना होगा तभी हमारी धरती बचेगी और हम धरती पर जीवित रह पाएंगे और इसका एक मात्र उपाय यह है की! हमारे देश में कुल एक अरब बयालीस करोड़ की आबादी है, जिसमें लगभग तीस करोड़ परिवारे हैं अगर हर एक परिवार से एक व्यक्ति श्रमदान के लिए आगे आता है और सिर्फ सप्ताह में दो दिन और दो दिन में सिर्फ पन्द्रह मिनट श्रमदान करता है तो एक महीने के अंदर देश में साढ़े सोलह करोड़ बोरवेल, हैंडपंप,ट्यूबवेल तालाब ,कुआँ के पास सोखता गड्ढा बनकर तैयार हो जायेगा। और इसका लाभ यह होगा कि एक महीने के अंदर देश में जितने भी जल स्रोत हैं उसमे पानी का जलस्तर इतना बढ़ जाएगा कि उनमें नमी भी हमेशा बरकरार रहेगी और देश में किन्ही को भी पानी की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। इसके साथ साथ जल गुरु ने अपने प्रयोग द्वारा बनाए गए विभिन्न मॉडलों को प्रदर्शित करते हुए यह भी बताया की वर्षा जल को किस प्रकार हमलोग संग्रहीत कर सकते है? और बिना बिजली खर्च किये हुए फसलो में सिंचाई के लिए तथा पानी को फिल्टर कर पीने के लिए हम उसका प्रयोग कर सकते हैं। इसके अलावा जल गुरु ने अपने किताबों मेकिंग वाटर एंड क्लाइमेट एवरीवनस टारगेट और ए मेरे प्यारे वतन सब जन पानी राखिये में भी जल संरक्षण के विभिन्न उपाय और प्रभावी तरीके का वर्णन किया हैं।

# जातीय गणना में सर्वदलीय सहमति थी, रोक के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जा सकते हैं : जदयू

खबर मन्त्र संवाददाता



**पटना।** पटना हाइकोर्ट ने राज्य सरकार द्वारा राज्य में जातियों की गणना एवं आर्थिक सर्वेक्षण को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अंतरिम आदेश देते हुए फिलहाल रोक लगा दी है। चीफ जस्टिस के वी चन्द्रन की खंडपीठ ने बुधवार को सुनवाई पूरी कर निर्णय सुरक्षित रख लिया था। कोर्ट ने निर्देश दिया किया कि राज्य सरकार इस दौरान इकट्ठा किये गये आंकड़ों को शेयर व उपयोग नहीं करेगी।

**सुप्रीम कोर्ट का रास्ता खुला:** पटना हाईकोर्ट के जातीय गणना पर रोक के आदेश पर जदयू मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि सर्वदलीय सहमति भी बनी और उसके आधार पर ही संवैधानिक प्रावधान के तहत जाति गणना का नीतिगत फैसला लिया गया था। ऐसी स्थिति में पटना उच्च न्यायालय द्वारा तत्काल अंतरिम आदेश पारित किया जाना इस निर्देश के साथ जो भी डेटा संग्रह हुआ है उसे रिजर्व रखा जाए तो यह निश्चित रूप से यह तात्कालिक आदेश है। राजद प्रवक्ता सारिका पासवान ने इस मुद्दे पर कहा कि अभी कोर्ट के आदेश को देखा नहीं गया है। लेकिन, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अभी सुप्रीम कोर्ट का रास्ता खुला है।

'जातीय गणना को लेकर विधानमंडल में सर्वदलीय प्रस्ताव पास हुआ था। जो भी इसके राजनीतिक निहितार्थ निकाल रहे हैं वह जो सर्वदलीय फैसला है और विधानमंडल का सर्व सम्मत प्रस्ताव है। इसको गंभीरता से राजनीतिक चश्मे से जरूर देखना चाहिए।

### क्या कहा था मुख्यमंत्री ने : नीरज कुमार

बता दें कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार लगातार कहते रहे हैं कि जातीय गणना करने के पीछे आर्थिक सामाजिक स्थिति का पता लगाना भी है। कौन कितनी संख्या में है यह भी जानना है। उन्होंने कहा था कि इससे किसी का नुकसान होने वाला नहीं है। लेकिन अब कोर्ट का बड़ा फैसला आया है और अगली सुनवाई 3 जुलाई को होगी तब तक अब गणना का काम रुक गया है।

## सड़क हादसे में 3 बाराती समेत 5 की मौत, जाम

### ट्रक और हाईवा की सीधी टक्कर, हाईवा के परखच्चे उड़े, चालक-खलासी की मौत

### बारात जा रहे बाईक सवार जीजा-साला की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता



शव के साथ जाम करते परिजन

**दुमका।** उपराजधानी दुमका के लिए गुरूवार को हादसे का दिन साबित हुआ। जिले के दो अलग-अलग हुए सड़ह हादसे में तीन बाराती समेत पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। पहली घटना रामगढ़ थाना क्षेत्र में कटहलडीह, सरुवा से गोड्डा के पोड़ैयाहाट थाना क्षेत्र के पहाड़पुर में बारात जान के दौरान देर रात घटी। जहां रामगढ़-हंसडीहा सड़क मार्ग के भालसुमर मोड़ के पास एक डीजे लोड पिकअप वैन ने बारात जा रहे दो बाइक सवार को टक्कर मार दिया। जिससे घटना स्थल में ही बाइक चालक हराधन राय की मौत हो गई। जबकि बाइक के पिछे बैठे सुरेश राय गंभीर रुप से घायल हो गया। सूचना पर पुलिस घटना स्थल पहुंच घायल सुरेश राय को इलाज के लिए फुलों झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिकी इलाज करते हुए गंभीर रूप से घायल घायल सुरेश राय को बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर कर दिया। जहां रास्ते में सुरेश राय ने दम तोड़ दिया। बाईक सवार मृतक रिस्ते में जीजा-साला है। दूसरी घटना पाड़ैयाहाट थाना क्षेत्र पहाड़पुर से ही शादी के बाद बरातियों से भरा बस रामगढ़ थाना क्षेत्र के महुबना कटहलडीह के आ रही थी। बारात बस रामगढ़-गुहियाजोरी सडक मार्ग के पथरिया के पास जैसे ही बाराती बस गुरुवार की सुबह पथरिया पहुंची। एक बाराती गाड़ी से उतरने के लिए बस रुकवाया। बस हल्का धीमी गति में थी कि एक बाराती बस से कूद गया। अचानक संतुलन खोने से उक्त बाराती का सिर बस के पिछे पहिया में घुस गया और उसकी दर्दनाक मौत मौके पर हो गई। मृतक थाना क्षेत्र के चिहुटियां गांव निवासी 42 वर्षीय चिगड राय है। वहीं घटना के बाद बस चालक अन्य बारातियों को लेकर भाग खड़ा हुआ। घटना से आक्रोशित मृतक के परिजनों ने कार्रवाई और मुआवजा की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया। बाद में सीओ ने मृतक के परिजनों को तत्काल 10,000 नगद सहायता देकर हर सम्भव सरकारी सहायता दिलाने का आश्वासन के बाद करीब 6 घंटे बाद जाम हटवा सकी। तीसरी घटना काठीकुंड थाना क्षेत्र के दुमका पाकुड़ मुख्य मार्ग पर घटी। जहां थाना क्षेत्र के मधुबन के पेट्रॉल पंप के पास गिट्टी लदा ट्रक और कोयला हाईवा के बीच जोरदार टक्कर हुई। जिसमें कोयला हाईवा के चालक 28 वर्षीय कुंदन कुमार साह की मौके पर मौत हो गई। जबकी गिट्टी लदा ट्रक के ड्राइवर और कोयला हाईवा के खलासी गंभीर रूप से घायल हो गया है। दोनों को गंभीर अवस्था में मेडिकल अस्पताल भेज दिया गया है। जहां इलाज के दौरान हाईवा का खलासी विकास कुमार की भी मौत हो गई। मृतक चालक एवं खलासी पाकुड़ जिला के मालपहाड़ी थाना क्षेत्र के मालपहाड़ी गांव निवासी है। चौथी घटना रामगढ़ थाना क्षेत्र के ही भंडारो गांव के समीप दो ट्रकों की टक्कर हो गई।

### जेंडर विभेद नाट्य कार्यशाला का आयोजन

**दुमका।** एसपी कॉलेज में तीन दिवसीय नाट्य कार्यशाला का आयोजन आईएडब्लूएस, रांची के सहयोग से किया जा रहा है। कार्यशाला के माध्यम से कॉलेज के छात्रों में नाटक के विभिन्न तकनीकी का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यशाला में विशेष तौर पर समाज में व्याप्त जेंडर भेदभाव और नाटक के संबंध में क्रियाकलाप कराए गए। युवाओं में जेंडर संबंधी जानकारी को प्रदान करने के लिए एवं इसमें व्याप्त भेदभाव को नाटक के माध्यम से किस तरह से दूर किया जा सकता है। इस विचार और तकनीकी को सिखाया गया। कार्यशाला की शुरूआत में सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ सोना झरिया मिंज ने बताया कि समाज में व्याप्त जेंडर विभेद को नाटक के माध्यम से बहुत आसानी से दूर किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि नाटक मात्र अभिनय नहीं होता बल्कि उसमें विचार की प्रमुखता भी होती है। प्राचार्य डॉ खिरोधर प्रसाद यादव ने बताया कि नाटक के माध्यम से हम चेतना को स्थाई रूप में प्रभावित कर सकते हैं।

## गायत्री शक्तिपीठ भवन निर्माण का किया गया भूमि पूजन

खबर मन्त्र संवाददाता



पूजा अर्चना करते लोग

**गढ़वा।** गायत्री परिवार के तत्वाधान में गायत्री शक्तिपीठ कल्याणपुर में भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया। जिला प्रचारक संतन मिश्रा के निर्देशन में जिला गायत्री परिवार ट्रस्ट के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी संजय सोनी एवं उनकी पत्नी शोभा सोनी ने संयुक्त रूप से भूमि पूजन किया। भूमि पूजन के पश्चात उपस्थित सभी गायत्री परिजनों ने सामूहिक यज्ञ किया और गायत्री शक्तिपीठ भवन का निर्माण शीघ्र करने का संकल्प लिया। मौके पर पर गायत्री शक्तिपीठ की आवश्यकता एवं उसके उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए संजय सोनी ने कहा कि गायत्री शक्तिपीठ के निर्माण के लिए वर्ष 2024 के शारदीय नवरात्रि की तिथि तक का समय निर्धारित किया गया है। समाज के सहयोग से इस लक्ष्य को पूरा कर लिया जायेगा। आदर्श विवाह समारोह समिति के अध्यक्ष विजय कुमार केशरी ने कहा कि गायत्री परिवार एक पवित्र आध्यात्मिक संगठन है। जिस तरह से इसका कार्यक्रम फैल रहा है, उसे देखते हुए एक सुविधायुक्त भवन की अतिआवश्यकता है। उन्होंने पूरी समिति की ओर से इसमें सहयोग करने की घोषणा की। उमाकांत तिवारी, प्रो उमेश सहाय, कमलेश गुप्ता, रविंद्र जायसवाल, दीपक तिवारी, अंबिका सिंह, अच्युतानंद तिवारी, लीलावती तिवारी आदि ने भी विचार व्यक्त किया। धन्यवाद ज्ञापन अखिलेश कुशवाहा ने किया। इस मौके पर डा. संजय कुमार, ज्योति गुप्ता, मनोज मिश्रा, सरयू चंद्रवंशी, डा. आलोक रंजन दूबे, मुकेश पासवान, अजीत शर्मा, अनिरूद्ध प्रसाद सोनी, कृष्णा चंद्रवंशी, मिथिलेश कुशवाहा, वीरेंद्र सोनी, धर्मशीला देवी, महिला मंडल की सदस्यों सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

**11 डिस्मिल भूमि दान की घोषणा :** समारोह में भाजपा नेता विनय चंद्रवंशी ने गायत्री परिवार के लिए अपने परिवार की ओर से शक्तिपीठ के निकट स्थित अपनी 11 डिस्मिल भूमि देने की घोषणा की। समाजसेवी प्रकाश शंकर गुप्ता ने 55555 रुपए, उदय प्रसाद ने 21 हजार रुपए व रविंद्र केशरी ने 3100 रुपए देने की घोषणा की।

## देव संस्कृति विद्यालय चंद्री का उड़ा छत, आर्थिक मदद



खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर अनुमंडल के देव संस्कृति विद्यालय चन्द्री का छत तेज हवा एवं पानी से उड़ गया। विद्यालय के प्राचार्य गोविन्द चन्द्र महतो ने इसकी जानकारी पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव ड़ॉ विजय सिंह गागराई को दी। उन्होंने श्री गागराई को बताया कि इस विद्यालय का स्थापना 2011 में किया गया था। तब से ही विद्यालय नियमित रूप से कक्षा 1 से कक्षा 10 तक की कक्षाओं को संचालिय किया जा रहा है। यहां सैकड़ों छात्र- छात्राएं अध्ययनरत हैं। जहां पर आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को शिक्षा, संस्कार तथा प्रतिभाओं को निखारा जा रहा है। उन्होंने कहा पिछले दिन शाम 4 बजे पल भर के लिए आई आंधी-तूफान ने विद्यालय के सारे कक्षाओं का क्षतिग्रस्त कर दिया है। जिसके कारण से पढ़ाई लिखाई प्रभावित हो रही है। सारी जानकारी प्राप्त करने के बाद डॉ विजय सिंह गागराई ने विद्यालय के प्रधानाचार्य को आर्थिक मदद कर कहा कि जल्द से जल्द विद्यालय की मरम्मत कर पढ़ाई को चालू करें। उन्होंने कहा मानव जीवन में शिक्षा का खास महत्व है। सभी लोग अपने बच्चों को जरूर शिक्षा दें। इस मौके पर संतोष सिंहदेव, बेलमती लागुरी, सुनीता महतो, सीमा लागुरी,आकाश बोदरा, समीर गागराई, खिरोद महतो, अवनि महतो, उत्तम प्रधान, दयानिधि महतो, रामराय सामड समेत अन्य उपस्थित थे।

## चलने में दिक्कत, जबान लड़खड़ाना, चेहरे पर पॉलिस, आंख की कमजोरी हैं स्ट्रोक के लक्षण : डॉ संजीव

खबर मन्त्र संवाददाता



जांच करते डॉक्टर

**गढ़वा।** ब्रेन, स्ट्रोक, स्पाइनल, पार्किंसन, लकवा, मिर्गी, चलने में दिक्कत, नसों और मसल्स में दिक्कत, एक आंख से दिखाई देना, एक ही वस्तु दो-दो दिखाई देना जैसी समस्या में से किसी एक या उससे ज्यादा तकलीफ से प्रायः लोग ग्रसित हो रहे हैं। इन बीमारियों के बारे में यहां तक कहा जाता है कि इनमें से किसी परेशानी के ग्रस्त व्यक्ति जिंदगी भर दवा पर आश्रित हो जाता है और उसे हर क्षण मौत की घण्टी सुनायी देती है। लेकिन ऐसा नहीं है। यह दावा है देश की राजधानी दिल्ली के मैक्स हॉस्पिटल में लंबे समय तक इन रोगों का इलाज करने वाले न्यूरोलॉजिस्ट डॉ संजीव कुमार शर्मा का। फिलवक्त झारखंड की राजधानी रांची के पारस हॉस्पिटल से एसोसिएट डॉ शर्मा गढ़वा के चिनिया रोड स्थित क्लिनिक ऑन स्क्रीन में प्रत्येक महीने के तीसरे रविवार को इस क्षेत्र के मरीजों के लिए उपलब्ध हुए हैं। न्यूरो समस्या से बचे रहने के सवाल पर एम्स से अनुभव प्राप्त मस्तिष्क और नस रोग विशेषज्ञ डॉ शर्मा ने कहा कि न्यूरो से सम्बंधित कई बीमारियां होती है। इसमें एक महत्वपूर्ण बीमारी है स्ट्रोक। इससे बचने के लिए सुगर और बीपी का आदर्श कंट्रोल बहुत जरूरी है। लेकिन इसके इरिवरसेबल कारण हैं बढ़ते उम्र। बढ़ते उम्र के कारण हर्ट की कंडक्सन चैनल गड़बड़ हो जाती है। इस कारण अचानक हर्ट में क्लॉट बन जाता है और वह ब्रेन में चला जाता है। जो मौत का कारण बन जाता है। डॉ शर्मा ने कहा कि आज 40-45 वर्ष से कम उम्र के लोग भी स्ट्रोक का शिकार बन रहे है। इसका प्रमुख कारण शुगर, बीपी, मोटापा, स्मोकिंग और अल्कोहल है। अपने लाइफ स्टाइल को बदलकर और स्मोकिंग-अल्कोहल को त्याग कर इससे बचा जा सकता है। डॉ संजीव ने कहा कि स्ट्रोक की बीमारी जानलेवा नहीं है बशर्ते इसे ठीक से समझ लें। उन्होंने कहा कि स्ट्रोक आने पर अक्सर लोग मरीज को बीपी की दवा और पानी दे देते है। यह दवा और पानी सांस की नली में चली जाती है और निमोनिया हो जाता है। वहीं मौत का कारण भी बन जाता है। डॉ संजीव ने कहा कि स्ट्रोक आने के साढ़े चार घण्टे के अंदर इलाज शुरू होने पर 70 से 80 प्रतिशत मरीजों को बचाया जा सकता है। उन्होंने बेहोश हुए स्ट्रोक के मरीजों के मुंह में चम्मच, अंगुली अथवा अन्य पदार्थ नहीं डालने की सलाह दी। उन्होंने ऐसे मरीजों को बाएं करवट सुलाने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि ऐसा करने से मरीज की लार सांस की नली में नहीं जा पाती है।

### जीवनदायी साबित हो रहा है क्लिनिक ऑन स्क्रीन

उन्होंने कहा कि गढ़वा का क्लिनिक ऑन स्क्रीन जटिल रोग से ग्रसित मरीजों के लिए जीवनदायी साबित हो रहा है। वह स्वयं यहां उपलब्ध व्यवस्था से प्रभावित हैं। वह प्रत्येक महीने से तीसरे रविवार को इस क्लिनिक में मरीजों का इलाज करेंगे। यह क्लिनिक मरीजों की हर सुविधा उपलब्ध कराने में सक्षम है। परामर्श संबंधित किसी भी तरह के जानकारी के लिए 7061962110 अथवा 9835771738 पर सम्पर्क करें।

## स्पीड न्यूज

### दो दिवसीय कार्यशाल में छात्राएं हुई सम्मानित

**दुमका।** औरत किसी भी समय काल में कमजोरी का पर्याय नहीं रही, लेकिन समाज की बदकिस्मती रही कि हर समय काल में उसे कमजोर साबित करने की कोशिश की गई। जरूरत है औरतों को अपना संबल पक्ष पहचानने की। उपरोक्त समीक्षा छात्राओं ने दो दिवसीय कार्यशाला के मध्य अपने फीडबैक में प्रस्तुत की। एसपी महिला कॉलेज के छात्राओं के मध्य दो दिवसीय लैंगिक उन्मुखीकरण कार्यशाला का गुरूवार को समापन हुआ। कार्यशाला वूमेन सेल एवं आईसीसी, एसपी महिला कॉलेज एवं वूमेंस स्टडी सेंटर रांची विश्वविद्यालय, रांची के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया था। दूसरे तकनीकी सत्र में छात्राओं को देट डे आफ्टर एवरीडे नामक फिल्म दिखाई गई। इस फिल्म ने छात्राओं को सोचने पर मजबूर कर दिया। इसी सत्र में एकता बक्शी ने छात्राओं के मध्य अंडरस्टैंडिंग जेंडर एंड बियोंडह्न पर सामूहिक परीक्षा परिचर्चा में भाग ली। इस अवसर पर बेहतर करने वाली छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मंच का संचालन डॉ महाश्वेता एवं धन्यवाद ज्ञापन सचिव डॉ प्रेमलता मुर्मू ने की।

### एसकेएमयू के हिन्दी पीजी विभाग के एनएसएस ईकाई का विशेष शिविर जारी

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्नाकोत्तर इकाई –1 का सात दिवसीय विशेष शिविर जारी है। कार्यक्रम के तीसरे दिन बुधवार को स्वयंसेवकों ने हरिजन टोला, कड़हरबील गांव में 50 स्वयंसेवको ने जागरूकता कार्यक्रम एवं शिक्षा सर्वे का आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. विनय कुमार सिन्हा उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ अमीर हसन ने कहा एनएसएस बहुत ही अच्छी कलाकारों का मंच है।

### पहाड़िया बच्चों के बीच वीडीओ ने बांटी शिक्षण सामग्री

**शिकारीपाड़ा।** नारी शक्ति महिला संघ जेएसएलपीएस के सौजन्य से प्रखंड में बीडीओ संतोष कुमार चौधरी ने पहाड़िया परिवार के बच्चों को उड़ान प्रोजेक्ट के तहत मुफ्त में किताब, कॉपी, पेंसिल वितरण किया। प्रोजेक्ट के तहत प्रत्येक पहाड़िया परिवार के बच्चों को मुफ्त में किताब कॉपी पेंसिल रबड़ दिया जाता है। इस अवसर पर जोहार के बीपीओ कर्मवीर और उड़ान के अनूप और चैन मेकर मनोज, रंजीत और गांव से आए हुए पहाड़िया बच्चे शामिल थे। किताबें कॉपी पेंसिल रबड़ आदि पाने से पहाड़िया बच्चों के चेहरे पर मुस्कान देखी गई।

### प्रशासन और ग्रामीणों के बीच तकरार, प्रशासनिक पहल निकला बेनतीजा

**शिकारीपाड़ा।** दुमका जिले के नक्सल प्रभावित शिकारीपाड़ा प्रखंड के धौपहाड़ गांव में केंद्र सरकार के द्वारा 20 करोड़ की लागत से एकलव्य मॉडल विद्यालय बनना है। लड़कियों के लिए बनने वाले इस विद्यालय के लिए धौपहाड़ में भूखण्ड चिन्हित किया गया था। लेकिन अब भूमि को लेकर प्रशासन और ग्रामीणों के बीच में तकरार उत्पन्न हो गया है। दरअसल ग्रामीणों का कहना है कि पहले आम सभा करके जो जमीन तय हुआ था। वह जमीन पहाड़ी के करीब था। लेकिन अब यह दूसरी जगह आ गया है।

### सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से कराया अवगत

**दुमका।** सदर प्रखंड के चेंबर ऑफ फार्मर्स, सहकारिता कर्मी, ग्राम प्रधान, मुखिया एवं पंचायत सचिव के साथ क्रमवार बैठक कर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के धरातल पर क्रियान्वयन से संबंधित विचार विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता डीसी रविशंकर शुक्ला ने किया। डीसी ने चैंबर ऑफ फार्मर्स की बैठक कर विभिन्न पंचायतों से आए किसान एवं चैंबर ऑफ फार्मर्स के सदस्यों को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया। डीसी ने किसानों से उनके द्वारा की जा रही फसल की जानकारी ली। डीसी ने बताया कि चेंबर ऑफ फॉमर्स के गठन के उद्देश्य के किसानों एवं व्यवसायियों के बीच मार्केट लिंकेज की संभावना को बढ़ावा देना है।

## मोतिहारी शराब कांड का मुख्य सरगना दिल्ली से पकड़ा गया

मोतिहारी। दिल्ली पुलिस के सहयोग से जहरीली शराब कांड के मुख्य सरगना राजेश सहनी को मोतिहारी पुलिस व मधनिषेध इकाई पटना ने गिरफ्तार किया है। उसे दिल्ली के अलीपुर थाना क्षेत्र से सरगना को गिरफ्तार किया है। राजेश सहनी दिल्ली के नार्थ बुराड़ी,नाथूपुरा का रहने वाला है। जहरीली शराब कांड में राजेश सहनी की चौथी गिरफ्तारी है। जिला पुलिस मुख्यालय विज्ञप्ति जारी कर राजेश सहनी की गिरफ्तारी की जानकारी दी।

बताया गया है कि जहरीली शराब कांड में तुरकौलिया, हरसिद्धि, पहाड़पुर और सुगौली थाना में कुल पांच मामले दर्ज किये गये है। जिसका अनुसंधान मद्य निषेध इकाई पटना द्वारा किया जा रहा है। अनुसंधान के क्रम में इस कांड में संलिप्त कई सरगनाओं को चिह्नित किया गया है, जिनकी गिरफ्तारी के लिए देश के विभिन्न हिस्सों में छापेमारी कर रही थी।

जहरीली शराब पीने से 14 अप्रैल को जिला में पिता पुत्र समेत आठ लोगों की संदिग्ध मौत हुई थी। जिला प्रशासन ने इनलोगों के मौत का कारण डायरिया बताया गया था। जब काफी संख्या में लोग बीमार पड़ने लगे और बीमार लोगों ने शराब पीने की बात कबूली। तब जाकर मामला सामने आया कि जहरीली शराब पीने से लोगों की मौत हुई है। जहरीली शराब पीने से मौत आंकड़ा धीरे-धीरे बढ़ने लगा। अब तक 47 लोगों की मौत हो जाने की जानकारी मिल रही है, जबकि जिला प्रशासन 31 लोगों के मौत की पुष्टि कर रही है और 10 लोगों के पोस्टमार्टम की बात प्रशासन बता रहा है।

## एक नजर में

### विवाहिता से छेड़खानी मामले में दोषी को तीन साल की सजा, जुर्माना

दुमका। विवाहिता से छेड़खानी के नौ साल पुराने मामले में न्यायालय ने एक आरोपी को दोषी करार देते हुए सजा सुनाया और जुमार्ना किया है। न्यायालय ने अभियुक्त को तीन साल का कारावास एवं साढ़े ग्यारह हजार रुपए जुमार्ना किया है। सजा प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी परिधि शर्मा की अदालत में गुरुवार को सुनाया। न्यायालय में जरमुंडी थाना कांड संख्या 86/2014 में सजा के बिंदु पर सुनवाई हुई। दोनों पक्षों की ओर से बहस सुनने के बाद न्यायालय ने दोष सिद्ध नामजद आरोपी जरमुंडी थाना क्षेत्र के मधुवन गांव निवासी सुरेश महतो को भादवि की धारा 354 के तहत तीन साल के कारावास एवं दस हजार रुपए जुमार्ना का सजा सुनाया।

## कार व बाइक की टक्कर से पति-पत्नी दोनों के पैर की हड्डी टूट गयी



खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी।** इटखोरी-चौपारण पथ में पेट्रोल पंप के समीप कार व बाइक की टक्कर में प्रखंड के ग्राम राजवर निवासी विशाल पासवान तथा उसकी पत्नी चांदनी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। पति-पत्नी दोनों के पैर की हड्डी कई जगह से टूट गई है।

यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बात घायल पति-पत्नी को बेहतर उपचार के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार विशाल मोटरसाइकिल से अपनी पत्नी के साथ चौपारण की ओर जा रहा था। इसी दौरान पीछे से एक सफेद रंग की कार ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। जिससे विशाल की मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर विपरीत दिशा से चौपारण की ओर से आ रही एक दूसरी कार में जा टकराई। जिससे दोनों पति-पत्नी बुरी तरह घायल हो गए। बाद में घटनास्थल के पास मौजूद लोगों के सहयोग से स्थानीय पुलिस ने घायल पति-पत्नी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। लेकिन दोनों की स्थिति को गंभीर देखते हुए स्थानीय चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के पश्चात पति-पत्नी को बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार तथा मोटरसाइकिल को अपने कब्जे में ले लिया है। बताया जा रहा है कि मोटरसाइकिल को पीछे से टक्कर मारने वाली सफेद रंग की कार मौके से फरार हो गई है।

## त्रिशानु राय ने समस्याओं के निष्पादन में उपायुक्त से की उचित मार्गदर्शन की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता



**चाईबासा।** नगर परिषद चाईबासा के सभी वार्ड पार्षदों का कार्यकाल समाप्त हो चुका है। वर्तमान में नगर परिषद चाईबासा क्षेत्र के निवासियों के समक्ष नाना प्रकार के लंबित कार्यों यथा जन्म-मृत्य प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, जाति, आय प्रमाण पत्र, वंशावली, पासपोर्ट सत्यापन इत्यादि में वार्ड पार्षद के हस्ताक्षर अनुशंसा की आवश्यकता होती है। ताकि वो इन प्रपत्रों ऑनलाइन एवं ऑफलाइन आवेदन कर सकें वार्ड पार्षदों का कार्यकाल समाप्त हो जाने के कारण अब वे इन आवेदनों पर हस्ताक्षर अनुशंसा करने में स्वयं को असमर्थ पा रहे है। जनसाधारण की समस्या का समाधान करने में असमर्थ हैं। फलस्वरुप उपरोक्त अंकित कार्य लंबित हैं और स्थानीय लोग काफी परेशान है। प. सिंहभूम जिला बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के सदस्य सांसद प्रतिनिधि त्रिशानु राय ने गुरुवार को प०सिंहभूम जिले के उपायुक्त अनन्य मित्तल को पत्र लिखकर उपरोक्त अंकित बिंदुओं पर विचार करते हुए उचित मार्गदर्शन प्रदान की जाए कि आवेदनों पर हस्ताक्षर अनुशंसा हेतु क्या वार्ड पार्षद सक्षम हैं या कोई अन्य पदाधिकारी इन कार्यों को संपादित करेंगे। समस्या के संधारण हेतु कृपया उचित मार्गदर्शन दी जाए।

## चतरा का मजदूर इलाहाबाद से लापता, परिजन परेशान

**चतरा।** चार दिन पूर्व इलाहाबाद स्टेशन से गुम हुए सदर थाना क्षेत्र के संघरी टोला लश्करी गांव के मजदूर कृष्णा गंझू का कुछ पता नहीं चलने से लापता कृष्णा गंझू के परिजन सदमें में है। जानकारी के अनुसार पांच माह पूर्व कृष्णा गंझू मजदूरी करने गुजरात गया था। चार दिन पूर्व गुजरात से चतरा आने के दौरान इलाहाबाद रेलवे स्टेशन पर टिकट लेने के दौरान लापता हो गया। मामले की जानकारी के बाद सदर थाना पुलिस इलाहाबाद पुलिस व आरपीएफ की टीम से लगातार संपर्क कर रही। परिजनों ने झारखंड सरकार से भी लापता मजदूर कृष्णा गंझू का पता लगाने में मदद की अपील की है।




# रोमांचक मैच में कोलकाता ने हैदराबाद को हराया

## स्कोर कार्ड

**कोलकाता : 171/9 (20ओवर )**

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जेसन रॉय कै. मयंक बो. त्यागी | 20 | 19 | 4/0 |
| गुरबाज कै. ब्रूक बो. येन्सन | 00 | 01 | 0/0 |
| वेंकटेश कै. क्लासेन बो. येन्सन | 07 | 04 | 1/0 |
| नितीश राणा कै. एंड बो. मार्करन | 42 | 31 | 3/3 |
| रिंकू सिंह कै. समद बो. नटराजन | 46 | 45 | 4/1 |
| रसेल कै. नटराजन बो. मार्कंडेय | 24 | 15 | 1/2 |
| नरेन कै. मयंक बो. भुवनेश्वर | 01 | 02 | 0/0 |
| शार्दूल कै. समद बो. नटराजन | 08 | 06 | 1/0 |
| अनुकूल रॉय नाबाद | 13 | 07 | 2/0 |
| हर्षित राणा रन आउट | 00 | 01 | 0/0 |
| वैभव अरोड़ा नाबाद | 02 | 01 | 0/0 |

**अतिरिक्त** : 08

**विकेट पतन**: 1-8, 2-16, 3-35, 4-96, 5-127, 6-130, 7-151, 8-168, 9-168.

**गेंदबाज** : भुवनेश्वर कुमार : 4-0-33-1, मार्को येन्सन : 3-0-24-2, कार्तिक त्यागी : 2-0-30-1, एडन मार्करम : 3-0-24-1, टी नटराजन : 4-0-30-2, मयंक मार्कंडेय : 4-0-29-1.

**हैदराबाद: 166/8 (20 ओवर )**

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| अभिषेक कै. रसेल बो. शार्दूल | 09 | 10 | 1/0 |
| अग्रवाल कै. गुरबाज बो. राणा | 18 | 11 | 2/1 |
| त्रिपाठी कै. अरोड़ा बो. रसेल | 20 | 09 | 3/1 |
| मार्करम कै. रिंकू बो. अरोड़ा | 41 | 40 | 4/1 |
| हैरी ब्रूक एलबी डब्ल्यू अनूकुल | 00 | 04 | 0/0 |
| क्लासेन कै. रसेल बो. शार्दूल | 36 | 20 | 1/3 |
| समद कै. अनुकूल बो. चक्रवर्ती | 21 | 18 | 3/0 |
| येन्सन कै. गुरबाज बो. अरोड़ा | 01 | 04 | 0/0 |
| भुवनेश्वर कुमार नाबाद | 05 | 05 | 1/0 |
| मयंक मार्कंडेय नाबाद | 01 | 02 | 0/0 |

**अतिरिक्त** : 14

**विकेट पतन**: 1-29, 2-37, 3-53, 4-54, 5-124, 6-145, 7-152, 8-165.

**गेंदबाज**: हर्षित राणा : 4-0-27-1, वैभव अरोड़ा : 3-0-32-2, शार्दूल ठाकुर : 3-0-23-2, आंद्रे रसेल : 1-0-15-1, अनुकूल रॉय : 3-0-26-1, सुनील नरेन : 2-0-16-0. वरुण चक्रवर्ती : 4-0-20-1.



**एजेंसी**

**हैदराबाद।** गुरुवार को आइपीएल के 47वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को 5 रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए कोलकाता ने 172 रनों का लक्ष्य रखा था, जिसके जवाब में हैदराबाद 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 166 रन ही बना पाई। हैदराबाद जीत तक पहुंच ही गई थी और उसे आखिरी ओवर में जीत के लिए 9 रनों की जरूरत थी, लेकिन कोलकाता के गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती ने ओवर में 4 रन देते हुये 1 विकेट भी लीये। लक्ष्य का पीछा करते हुए हैदराबाद के कप्तान एडेन मार्करम ने 40 गेंदों में 41 और बल्लेबाज हेनरी क्लासे ने 20 गेंदों ने 20 गेंदों में 36 रनों की पारी खेली। अंत में अब्दुल समद ने 21 रनों की पारी खेली, लेकिन उनके आउट हो जाने के बाद हैदराबाद की जीत की उम्मीदें फिकी पड़ गयी। इससे पहले कोलकाता नाइट राइडर्स ने नीतीश राणा (42) और रिंकू सिंह (46) की महत्वपूर्ण पारियों की मदद से सनराइजर्स हैदराबाद के 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 171 रन बनाए थे। नीतीश ने 31 गेंद पर तीन चौकों और तीन छक्कों के साथ 42 रन बनाये। रिंकु ने 35 गेंद पर चार चौकों और एक छक्के के साथ 46 रन का योगदान दिया। अन्य बल्लेबाजों के निराशाजनक प्रदर्शन के कारण टीम 20 ओवर में 171 रन तक ही पहुंच सकी। केकेआर ने टॉस जीतकर चुनी और सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज पहली ही गेंद पर आउट होकर पवेलियन लौट गये। उनके जोड़ीदार ओपनर जेसन रॉय ने 19 गेंदें खेलीं लेकिन वह भी सिर्फ 20 रन ही बना सके। वेंकटेश अय्यर (चार गेंद, सात रन) का विकेट गिरने के साथ केकेआर ने पावरप्ले में 49 रन बनाये, जिसके बाद रिंकु और नीतीश ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच चौथे विकेट के लिये 40 गेंद पर 61 रन की साझेदारी हुयी। केकेआर 10 ओवर में 90 रन बनाने के बाद बड़े स्कोर की ओर बढ़ती दिख रही थी लेकिन नीतीश का विकेट गिरने के बाद पारी की रफ्तार थम गयी। मारकर्म ने अपनी ही गेंद पर नीतीश का कैच लपक कर उन्हें पवेलियन भेजा। रिंकु ने कुछ देर के लिये रसल के साथ भी पांचवें विकेट के लिये 31 रन जोड़े। रसल 15 गेंद पर 24 रन बनाने के बाद मयंक मारकांडे का शिकार हो गये। रिंकु सिंह ने केकेआर को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाने का संघर्ष जारी रखा, हालांकि दूसरे छोर से सुनील नरेन (एक रन) और शार्दुल ठाकुर (आठ रन) एक के बाद एक पवेलियन लौट गये। पारी का आखिरी ओवर टी नटराजन के नाम रहा, जिन्होंने रिंकु का विकेट लेने और हर्षित राणा को आउट करने के साथ सिर्फ तीन रन दिये। अनूकुल रॉय सात गेंद पर 13 रन बनाकर नाबाद रहे।



## अंक तालिका


| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 9 | 6 | 3 | 12 | +0.532 |
| लखनऊ | 10 | 5 | 4 | 11 | +0.639 |
| चेन्नई | 10 | 5 | 4 | 11 | +0.329 |
| राजस्थान | 9 | 5 | 4 | 10 | +0.800 |
| बेंगलुरु | 9 | 5 | 4 | 10 | -0.030 |
| मुंबई | 9 | 5 | 4 | 10 | -0.373 |
| पंजाब | 10 | 5 | 5 | 10 | -0.472 |
| कोलकाता | 10 | 4 | 6 | 8 | -0.103 |
| हैदराबाद | 9 | 3 | 6 | 6 | -0.550 |
| दिल्ली | 9 | 3 | 6 | 4 | -0.768 |

**पर्पल कैप**



मोहम्मद शमी
गुजरात
विकेट: 17

**ऑरेंज कैप**



डु प्लेसिस
बेंगलुरु
रन: 466

## मेस्सी के साथ अनुबंध करना चाहता है सऊदी अरब : रिपोर्ट

**रियाद।** पेरिस सेंट-जर्मेन के साथ लियोनेल मेस्सी का अनुबंध समाप्त होने के बाद सऊदी अरब की सरकार अर्जेंटीना के कप्तान के साथ बातचीत कर रही है और फुटबॉल के इतिहास का सबसे आकर्षक वेतन देने की तैयारी में है। मेस्सी के प्रतिनिधियों और रियाद के बीच मेस्सी को सऊदी प्रो लीग में लाने के लिये बातचीत चल रही है। सऊदी अरब मेस्सी को अपनी लीग में खेलने के लिये सालाना 40 करोड़ अमेरिकी डॉलर दे सकता है, जो कि 2025 की गर्मियों तक सऊदी अरब में खेलने के लिये क्रिस्टियानो रोनाल्डो को दिये जा रहे सालाना 20 करोड़ अमेरिकी डॉलर से दोगुना अधिक है।

## दूसरे स्थान पर पहुंचा एटलेटिको मैड्रिड

**मैड्रिड।** एटलेटिको मैड्रिड ने कैडिज को 5-1 से करारी शिकस्त देकर स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में रियाल मैड्रिड की जगह दूसरा स्थान हासिल कर लिया। एंटोनी ग्रीजमैन ने पहले हाफ में दो गोल किए जबकि अल्वारो मोराटा, यानिक कैरास्को और नाहुएल मोलिना ने दूसरे हाफ में एक एक गोल करके एटलेटिको को 14 लीग मैचों में 12वीं जीत दिलाई। अब जबकि लीग में पांच दौर के मैच होने बाकी है तब एटलेटिको की टीम रियाल मैड्रिड से एक अंक आगे हो गई है। एटलेटिको के अब 33 मैचों में 69 अंक हो गए हैं जबकि रियाल मैड्रिड के इतने ही मैचों में 68 अंक हैं। बार्सिलोना 33 मैचों में 82 अंक लेकर शीर्ष पर काबिज है।




## नरेंद्र विश्व चैंपियनशिप के शीर्ष-16 में, थापा हारे

**ताशकंद।** भारतीय मुक्केबाज नरेंद्र बेरवाल, गोविंद साहनी और दीपक कुमार ने गुरुवार को आइबीए पुरुष विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2023 में अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज की, हालांकि पूर्व एशियाई गोल्ड मेडलिस्ट शिव थापा हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गये। पिछली बार विश्व चैंपियनशिप के क्वार्टरफाइनल चरण तक पहुंचने वाले नरेंद्र (92+किग्रा) ने दूसरे चरण के करीबी मुकाबले में ताजिकिस्तान के मुहम्मद अब्रोरिदिनोव को 4–1 से हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। नरेंद्र को पिछले राउंड में बाई मिली थी।

## जैवलिन की तरह गेंद फेंक सकूं तो क्रिकेट शुरू कर दूंगा : नीरज

**दोहा।** टोक्यो ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा ने गुरुवार को कहा कि अगर उन्हें जैवलिन की तरह गेंद फेंकने की अनुमति मिले तो वह क्रिकेट खेलना शुरू कर सकते हैं। नीरज ने यहां दोहा डायमंड लीग से पहले आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा, क्रिकेट भारत में एक लोकप्रिय खेल है। हमारे पास अच्छे तेज गेंदबाज हैं जो तेजी के साथ गेंद फेंक सकते हैं। जैवलिन की तरह ही गेंद फेंकने के लिये मजबूत बाजू की जरूरत होती है, इसलिये मुझे लगता है कि मेरा कौशल कुछ हद तक स्वाभाविक भी है।

## पुलिस ने मुझे गिरफ्तार कर लिया: गीता फोगाट



**नयी दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेलों की गोल्ड मेडलिस्ट और प्रदर्शनकारी पहलवान विनेश फोगाट की बड़ी बहन गीता फोगाट को दिल्ली पुलिस ने गुरुवार को हिरासत में ले लिया। गीता प्रदर्शनकारी पहलवानों से मिलने दिल्ली जा रही थीं। उन्होंने ट्वीट किया, मुझे जंतर–मंतर पर मेरे भाई–बहनों से मिलने जाने के लिये भी रोक दिया गया। पुलिस कह रही है की दो ही रास्ते हैं, या तो अपने घर वापिस जाओ या फिर पुलिस के घर चलो।

## साबले, शंकर को विदेश में प्रशिक्षण की मंजूरी मिली

**नयी दिल्ली।** युवा मामले और खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेता अविनाश साबले और तेजस्विनी शंकर के विदेशों में प्रशिक्षण और प्रतिस्पर्धा करने के प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। मंत्रालय ने गुरुवार को जारी विज्ञप्ति में बताया कि साबले जहां रबात डायमंड लीग से पहले आठ दिनों के प्रशिक्षण शिविर के लिये मोरक्को के रबात जायेंगे, वहीं तेजस्विन पहले बहामास के फ्रीपोर्ट और फिर बाद में एरिजोना के टक्सन के लिये रवाना होंगे। तेजस्विनी को बहामाज में यूएसएटीएफ थ्रो फेस्टिवल में और एरिजोना में एनएसीएसी न्यू लाइफ इनविटेशनल में प्रतिस्पर्धा करनी है।

## पीएसजी ने नेमार के घर के बाहर नारेबाजी की निंदा की

**पेरिस।** लीग 1 के क्लब पेरिस सेंट–जर्मेन (पीएसजी) ने गुरुवार को नेमार के घर के बाहर हंगामा करने वाले प्रशंसकों की निंदा की। उल्लेखनीय है कि पीएसजी के कुछ उग्रवादी प्रशंसक बुधवार को क्लब मुख्यालय के बाहर बोर्ड से इस्तीफा देने की मांग कर रहे थे। इसके बाद उन्होंने नेमार के आवास का रुख कर उनके खिलाफ नारेबाजी की थी। पीएसजी ने एक बयान में कहा, हमारा बीच जो भी मतभेद हो, इस तरह की कार्रवाई किसी सूरत में उचित नहीं है। क्लब इस शर्मनाक बर्ताव का शिकार हुए अपने खिलाड़ियों, स्टाफ और अन्य सभी लोगों का पूरा समर्थन करता है।

## माही फिर आ रहा है... धोनी की फिल्म, 12 को होगी रिलीज

**नयी दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी एक बार फिर सिनेमाघरों में छाने जा रहे हैं। उनकी फिल्म एक बार फिर दर्शकों के लिए सिनेमाघरों में लगने वाली है, जिसके देखने के लिए फैंस अब बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। जी हां... दिवंगत सुशांत सिंह राजपूत स्टारर फिल्म एमएस धोनी की बायोपिक 'एमएस धोनीः द अनटोल्ड स्टोरी' एक बार फिर सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। फिल्म को 12 मई को पर्दे पर लाया जाएगा जो हिंदी, तमिल और तेलुगू भाषा में होगी। यह खबर सामने आते ही फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। नीरज पांडे द्वारा निर्देशित इस फिल्म में सुशांत सिंह राजपूत के अलावा कियारा आडवाणी, दिशा पाटनी, भूमिका चावला और अनुपम खेर ने रोल निभाया है। वैसे तो ये फिल्म 2016 में रिलीज हुई थी। तब सुशांत सिंह ने जिस अंदाज में रोल निभाया था, उसने फिल्म में धोनी की कमी महसूस ही नहीं होने दी। उनकी एक्टिंग ऐसी थी कि मानों सच में धोनी ही खुद अपना रोल निभा रहे हों। फिल्म को काफी पसंद किया गया था, जिसमें भारत के सबसे सफल क्रिकेट कप्तान एमएस धोनी के क्रिकेट करियर के सफल को दिखाया गया था।




## टी20 : थाईलैंड ने रचा इतिहास सबसे कम स्कोर का किया बचाव

**नयी दिल्ली।** गुरुवार, 4 मई को महिला टी20 आइ क्रिकेट में थाईलैंड ने नया इतिहास रच दिया है। थाईलैंड ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में किसी महिला टीम द्वारा अब तक के सबसे कम स्कोर का बचाव किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए, नरुमोल चायवई के नेतृत्व वाली टीम ने केवल 53 रन बनाये। मलेशिया के तेज गेंदबाज विनीफ्रेड दुरीसिंगम ने तीन विकेट लिए, जबकि माहिरा इज्जती इस्माइल और नूर दानिया स्यूहदा ने दो-दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मलेशिया टीम ने अपने पहले तीन विकेट महज चार रन के अंदर गंवा दिए। उसके बाद, एक छोर से विकेट गिरते रहे, लेकिन एल्सा हंटर लड़ती रहीं और उन्होंने 32 गेंदों पर 19 रन बनाए। उसके अलावा, किसी अन्य बल्लेबाज ने दोहरे अंक में रन नहीं बनाए और मलेशियन के 5 बल्लेबाज अपना खाता खोलने में असफल रहे। अंत में थाईलैंड ने मलेशिया को 41 रन पर रोक दिया और 12 रन से मैच जीत लिया।

# एससी ने महिला पहलवानों के याचिका की बंद

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआइ) के प्रमुख एवं भारतीय जनता पार्टी के सांसद बृजभूषण शरण सिंह पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने वाली सात महिला पहलवानों की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज किये जाने और संबंधित याचिकाकताओं को पर्याप्त पुलिस सुरक्षा मुहैया कराये जाने के बाद याचिका में आगे की सुनवाई बंद करने का आदेश गुरुवार को दिया। मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला की पीठ ने याचिका पर आगे की सुनवाई बंद करने का आदेश देते हुए कहा कि याचिका में की गयी मांग के मुताबिक प्राथमिकी दर्ज होने और संबंधित खिलाड़ियों को दिल्ली पुलिस की ओर से पर्याप्त सुरक्षा मुहैया होने के बाद याचिका का मकसद पूरा हो गया है। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता अन्य किसी राहत के लिए उपयुक्त अदालत या उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटा सकती हैं। याचिकाकर्ता खिलाड़ियों का पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता नरेंद्र हुड्डा ने दलील देते हुए याचिका पर आगे की सुनवाई बंद करने का विरोध किया, लेकिन अदालत ने उनकी गुहार ठुकरा दी। पीठ के समक्ष दिल्ली पुलिस का पक्ष रख रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि वरिष्ठ महिला पुलिस अधिकारियों द्वारा मामले की जांच की रही है और चार संबंधित पक्षों के बयान दर्ज किये गये हैं। शीर्ष अदालत ने 25 अप्रैल को महिला पहलवानों द्वारा बृजभूषण पर लगाये गये यौन शोषण के आरोपों को गंभीर बताते हुए दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया था। अदालती आदेश पर पुलिस ने 28 अप्रैल को प्राथमिकी दर्ज की थी। डब्ल्यूएफआइ प्रमुख बृजभूषण पर यौन उत्पीड़न और आपराधिक धमकी देने का आरोप लगाते हुए भारतीय पहलवान विनेश फोगाट और अन्य ने दिल्ली पुलिस को प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश देने की मांग को लेकर उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। बृजभूषण के खिलाफ आरोपों की जांच के लिए 23 जनवरी को खेल मंत्रालय ने मशहूर मुक्केबाज एम सी मैरी कॉम की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया था। मैरी कॉम के अलावा समिति के अन्य सदस्यों में ओलंपिक पदक विजेता-पहलवान योगेश्वर दत्त, पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी और मिशन ओलंपिक सेल की सदस्य तृप्ति मुरगुंडे, टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम के पूर्व सीईओ राजेश राजगोपालन और भारतीय खेल प्राधिकरण की पूर्व कार्यकारी निदेशक (टीम) राधिका श्रीमन शामिल थे। विनेश ने पहले आरोप लगाया था कि वह बृजभूषण द्वारा मानसिक उत्पीड़न का शिकार हुई थीं और (दावा किया था) उसने आत्महत्या के बारे में भी सोचा था।



## पहलवानों ने दी पदक वापस करने की चेतावनी

नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस के कथित उजड्ड बर्ताव से निराश प्रदर्शनकारी पहलवानों ने गुरुवार को पद्मश्री सहित अपने सभी पदक सरकार को लौटाने की चेतावनी देते हुए कहा कि जब उन्हें इस तरह का अपमान सहना है तो राज्य के ये सम्मान अर्थहीन हैं। उल्लेखनीय है कि बुधवार रात करीब 11 बजे जंतर–मंतर पर पुलिस ने प्रदर्शनकारी पहलवानों के साथ कथित तौर पर मारपीट की। विनेश फोगाट और साक्षी मलिक ने कहा कि उनके साथ पुरुष पुलिस अफसरों ने गाली–गलौज और धक्का–मुक्की की। उन्होंने कहा कि संगीता फोगाट के भाई दुष्यंत को इस दौरान चोटें भी आयीं।

## हॉकी इंडिया ने पुरुष जूनियर एशिया कप18 सदस्यीय टीम की घोषणा

# उत्तम सिंह भारतीय हॉकी टीम की अगुवाई करेंगे

**एजेंसी**

**बेंगलुरु।** अग्रिम पंक्ति के युवा खिलाड़ी उत्तम सिंह को 23 मई से एक जून तक ओमान के सलालाह में खेले जाने वाले जूनियर हॉकी एशिया कप के लिए भारतीय टीम का कप्तान बरकरार रखा गया है। उत्तम के नेतृत्व में भारत ने पिछले साल सुल्तान जोहोर कप का खिताब जीता था। जूनियर एशिया कप दिसंबर में मलेशिया में होने वाले एफआईएच जूनियर पुरुष विश्व कप के लिए क्वालीफाइंग टूनार्मेंट होगा। भारत पूल ए में पाकिस्तान, जापान, थाईलैंड और चीनी ताइपे के साथ है जबकि कोरिया, मलेशिया, ओमान, बांग्लादेश और उज्बेकिस्तान को पूल बी में रखा गया है। उत्तम ने पिछले साल नवंबर में सुल्तान जोहोर कप में ऑस्ट्रेलिया पर 5-4 से रोमांचक जीत में शूटआउट में दो गोल किये थे। इस मुकाबलें में भारत के लिए गोल करने वाले विष्णुकांत सिंह और सुदीप चिरमाको ने भी 18 सदस्यीय टीम में अपनी जगह बरकरार रखी है। उत्तम ने भुवनेश्वर में भारत के विश्व कप 2021 अभियान में भी भाग लिया। इस टूनार्मेंट में भारतीय टीम का अभियान सेमीफाइनल तक चला था। बॉबी सिंह धामी को टीम का उपकप्तान बनाया गया, जबकि मोहित एचएस और हिमवान सिहाग को गोलकीपर के रूप में चुना गया। मिडफील्ड में अनुभवी विष्णुकांत सिंह होगें, जिन्होंने राउरकेला में हाल ही में आयोजित एफआईएच हॉकी प्रो लीग के दौरान शानदार प्रदर्शन किया था। उन्हें राजिंदर सिंह, पूवन्ना सीबी, अमनदीप और सुनीत लाकड़ा का साथ मिलेगा। बॉबी, अरिजीत सिंह हुंदल, आदित्य लालगे, उत्तम, सुदीप चिरमाको और अंगद बीर सिंह टीम की अग्रिम पंक्ति पर मोर्चा संभालेंगे। भारतीय टीम के कोच सीआर कुमार ने कहा, हमारे पास काफी अनुभवी टीम है जिसमें कुछ खिलाड़ियों ने हाल में सीनियर टीम के लिए पदार्पण किया है। हमने बेंगलुरु में भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) परिसर में तैयारी की है जहां सीनियर टीम भी मौजूद थी। हमें उनके साथ अभ्यास मैच खेलने का फायदा हुआ है।



### टीम इस प्रकार हैं:

**गोलकीपर**: मोहित एच एस, हिमवान सिहाग।
**रक्षापंक्ति**: शारदानंद तिवारी, रोहित, अमनदीप लकड़ा, आमिर अली, योगंबर रावत।
**मिडफील्डर**: विष्णुकांत सिंह, राजिंदर सिंह, पूवन्ना सी बी, अमनदीप, सुनीत लाकड़ा।
**अग्रिम पंक्ति**: बॉबी सिंह धामी, अरिजीत सिंह हुंदल, आदित्य लालगे, उत्तम सिंह (कप्तान), सुदीप चिरमाको और अंगद बीर सिंह।

## पेज 1 का शेष

### 10 घंटे पूछताछ के बाद ...

**हेहल अंचल जमीन मामले में भी हुई पूछताछ :** रांची डीसी रहते हुए छवि रंजन ने रांची के हेहल अंचल में पड़ने वाले 7.16 एकड़ जमीन की घेराबंदी 150 पुलिस जवानों को तैनात कर करवाई थी। हैरत की बात तो यह है कि ईडी के जांच में खुलासा हुआ है कि जिस जमीन पर घेराबंदी करवायी गयी, उसके सभी दस्तावेज रजिस्ट्री ऑफिस से गायब हो गये हैं। दस्तावेज को बरामद करने के लिए इडी ने रजिस्ट्री ऑफिस में छापा मारा था। वहीं, इडी को छवि रंजन के बैंक एकाउंट में लेन देन से संबंधित डेटा भी मिला था। जांच में यह बात भी सामने आयी कि छवि रंजन ने साझा पंचनामा को आधार बनाकर इस जमीन का म्यूटेशन कराने का आदेश दिया था।

### 15 लाख के इनामी...

**गया के असरैना का रहनेवाला है इंदल :** इंदल गंझू मूल रूप से बिहार के गया के इमामगंज के असरैना गांव का रहने वाला है। लेकिन, वह चतरा में इन दिनों सक्रिय था। इंदल के सरेंडर करने से माओवादियों का प्रभाव मध्य जोन बेहद कम हो गया है। **मध्य जोन में बड़ा नुकसान :** पिछले एक महीने के दौरान भाकपा माओवादियों को मध्य जोन में बड़ा झटका लगा है। लावालौंग में दो सैक कमांडरों समेत पांच इनामी माओवादियों के मुठभेड़ में मारे जाने के बाद इंदल ने सरेंडर किया। वहीं इसी महीने चार इनामी नक्सलियों ने भी चतरा में हथियार डाल दिये थे। एक माह में पांच शीर्ष नक्सलियों के मारे जाने और एक साथ चार-चार इनामी माओवादियों के सरेंडर करना पुलिस महकमा के लिये राज्य स्तर पर अबतक की सबसे बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

### बंगाल-ओड़िशा में...

आइएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने मीडिया को बताया कि छह मई को दक्षिण पूर्व बंगाल की खाड़ी के ऊपर चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र विकसित हो सकता है। सात मई को लो-प्रेशर बेल्ट वाला एरिया बन सकता है। इसका परिणाम यह होगा कि बंगाल की खाड़ी के ऊपर प्रेशर केंद्रित हो जायेगा। अगले एक से दो दिनों में यानी आठ या नौ मई को यह चक्रवात तूफान में तब्दील हो सकता है। **चक्रवात और तूफान में क्या अंतर होता है :** अगर हवा की गति 63 किमी. प्रति घंटा होती है, तो इसे तूफान कहा जाता है। 118 किमी. प्रति घंटे की रफ्तार तक को गंभीर तूफान कहा जाता है। उससे ऊपर की गति होने पर चक्रवात कहा जाता है। 221 किमी प्रति घंटे से अधिक रफ्तार हो, तो उसे सुपर चक्रवात कहा जाता है।

### अगली सुनवाई के दिन...

पिछली सुनवाई में कोर्ट ने रिटायर्ड प्रधान डिस्टिक जज की अध्यक्षता में कमेटी गठित कर मामले की जांच कराने का निर्देश राज्य सरकार को दिया था। दरअसल, प्रार्थी की ओर से वरीय अधिवक्ता मुख्तार खान ने 28 मरीजों की हुई मौत मामले को लेकर कमेटी बनाकर जांच करने एवं इस घटना के जिम्मेदार लोगों के खिलाफ एक्शन लेने आग्रह कोर्ट से किया था। झारखंड छात्र संघ की ओर से यह जनहित याचिका दाखिल की गयी है। **क्या है मामला :** याचिका में कहा गया है कि 1 जून 2018 को रिम्स में एक मरीज की मौत गलत ट्रीटमेंट की वजह से हो गयी थी। मृतक के परिजनों ने विरोध किया था। जिसके बाद जूनियर डॉक्टर और मृतक के परिजनों के बीच झड़प हुई थी। रिम्स में 2 जून 2018 से जूनियर डॉक्टरों एवं नर्सों ने स्ट्राइक कर दिया था। स्ट्राइक के दौरान रिम्स में संपूर्ण चिकित्सा व्यवस्था ध्वस्त हो गयी थी। इस दौरान करीब 35 मरीजों का ऑपरेशन टल गया था। 600 से ज्यादा मरीज रिम्स से बगैर इलाज के वापस लौट गए थे। इलाज के बिना 28 मरीजों की भी मौत भी हुई थी। मामले को लेकर कोतवाली थाना में जिम्मेदार जूनियर डॉक्टरों एवं नर्स के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी, लेकिन जूनियर डॉक्टर एवं नर्स को नोटिस दिए जाने के अलावा कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### बिहार में जातीय गणना पर...

कोर्ट में सुनवाई के दौरान कोर्ट ने जानना चाहा कि क्या जाति के आधार पर जनगणना और आर्थिक सर्वेक्षण कराना कानूनी बाध्यता है। कोर्ट ने यह भी पूछा था कि यह अधिकार राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में है या नहीं। इस पर सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के अधिवक्ता दीनू कुमार ने कोर्ट को बताया कि सरकार द्वारा की जा रही जातिगत जनगणना राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र से बाहर है। अधिवक्ता ने कहा कि केंद्र सरकार ही नियमों के तहत ऐसा सर्वे करा सकती है। यह केंद्र सरकार के अधिकार क्षेत्र में आता है। वहीं राज्य सरकार का पक्ष रखते हुए महाधिवक्ता पीके शाही ने कल कोर्ट को बताया कि यह सर्वे जन कल्याण की योजनाएं बनाने और सामाजिक स्तर को सुधारने के लिए किया जा रहा है।

### तनावमुक्त माहौल में....

**हर्ष जोहार को लेकर क्या कहते हैं शिक्षक और छात्र :** उत्कृष्ट विद्यालय में तब्दील रांची के अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव +2 जिला स्कूल में चल रहे हर्ष जोहार कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए कॉर्डिनेटर गोविंद बताते हैं कि इसके जरिये बच्चे तनावमुक्त होकर पढ़ाई करेंगे। इसमें मेडिटेशन, कहानी, विविध प्रकार के खेल, हास्य, व्यंग्य, नृत्य, गायन जैसे कई एक्टिविटी शामिल है। इसमें शिक्षक, शिक्षक नहीं बल्कि बच्चे बनकर उन्के साथ रहते हैं। प्रशिक्षक और शिक्षिका यासमीन हर्ष जोहार को बेहतरीन बताती हैं। उनका मानना है कि बच्चे फन फन मे पढ़ाई कर लेते हैं। इससे इनका ना केवल शारीरिक बल्कि मानसिक विकास भी होता है, जो इस उम्र के बच्चों के लिए काफी महत्वपूर्ण है। इधर, सरकार के हर्ष जोहार कार्यक्रम से सरकारी स्कूलों में पढ़नेवाले विद्यार्थी बेहद खुश हैं। छात्र विश्वजीत, राहुल और अंकित विश्वकर्मा का मानना है कि इसके माध्यम से उन्हें काफी लाभ हो रहा है। पढ़ाई के बीच यदि फनी माहौल रहे तो बोझ नहीं लगता बल्कि जल्दी संबंधित टॉपिक समझ में आ जाता है।

